वर्ष 52/ अंक 295/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

भोपाल, शुक्रवार 16 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14 | dainiksandhyaprakash.in



# गुजरातः बिपरजॉय से तबाही
## 2 लोगों की मौत, 22 घायल

सांध्यप्रकाश विशेष

## सतपुड़ा भवन आगः 1700 डिग्री था तापमान, पिघल गए थे खिड़कियों के कांच



**भोपाल।** तीन दिन पहले सतपुड़ा भवन में लगी आग की घटना के बाद जांच में यह पाया गया है कि तीसरी, चौथी और छठवीं मंजिल पर अग्निदुर्घटना के समय सत्रह सौ डिग्री सेल्सियस तापमान था जिसके कारण इन तीनों मंजिलों पर स्थित खिड़कियों के कांच पिघल गए। सतपुड़ा भवन में लगी आग के दौरान साढ़े चार बजे सेंट्रल लाइट बंद कर दी गई थी। इससे लिफ्ट भी बंद हो गई थी। जांच समिति ने इन लिफ्टों को भी तुड़वाकर जांच की कि कहीं बाहर से आए आम नागरिक लिफ्ट में तो अग्निदुर्घटना के दौरान फंस गए और उनकी अग्नि समाधि तो नहीं बन गई।

सूत्रों के मुताबिक सतपुड़ा भवन में जांच कर रही समिति ने जांच में पाया है कि कई स्थानों पर आग के भीषण तापमान के कारण सीमेंट कांक्रीट टूट कर गिर गया और राड बाहर निकल आई है। इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भवन में जिन मंजिलों पर आग लगी थी वहां सीमेंट-कांक्रीट के अंदर मौजूद लोहे की राड भी पिघली है। अग्नि दुघर्टना के दौरान जले कांच को देखकर यह अनुमान लगाया गया है कि कांच सत्रह सौ डिग्री तापमान पर पिघलता है। इतने तापमान के दौरान फायर फाइटर से भेजे गया पानी भी लपटों में भाप बनकर उड़ रहा था, इसलिए पानी से इतने तापमान वाली आग बुझाने में देरी लगी और काफी पानी खर्च हुआ।

सतपुड़ा में साढ़े तीन से चार बजे के बीच आग लगी थी। आग लगने के बाद सतपुड़ा भवन में सेंट्रली इलेक्ट्रिक सिस्टम से पूरे भवन की बिजली साढ़े चार बजे बंद कर दी गई थी ताकि दुर्घटना और विकराल न हो लेकिन इस दौरान किसी ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया कि बाहर से आने वाले आमजन लिफ्ट के जरिए भी बाहर आने का प्रयास कर सकते हैं। कहीं अचानक लिफ्ट बंद हो जाने से अंदर कोई जल कर खत्म तो नहीं हुआ इसे देखने के लिए सतपुड़ा भवन की अग्नि से प्रभावित सभी लिफ्टों को तोड़कर देखा गया लेकिन शुक्र रहा कि समिति को कोई भी शव इसमें नहीं मिला।

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
Saravananu U appointed CMD, MFL on June 15
(WE SAID THIS ON FEB 3, 2023)
Saravananu U selected as CMD, NFL
Saravananu U, CMD, MFL, has been selected for the post of Chairman-cum-Managing Director, National Fertilizers Limited (NFL).



(WE SAID THIS ON APRIL 5, 2023)
Saravanan yet to get orders for CMD, NFL
Saravanan U, CMD, MFL, is yet to get orders for the appointment as Chairman & Managing Director, National Fertilizers Ltd( NFL). The post has already been lying for a long time.

## 94 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया, पीएम मोदी ने ली सीएम पटेल से जानकारी

**नई दिल्ली।** बिपरजॉय तूफान के जखौ तट से टकराने के बाद गुजरात में भारी नुकसान हुआ है। इसका असर कच्छ-सौराष्ट्र समेत 8 जिलों में रहा। यह अपने पीछे भारी तबाही छोड़ हो गया। जगह-जगह पेड़ और खंभे गिर गए। तूफान के कारण भावनगर में 2 लोगों की मौत हुई। 22 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अब तक 94 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। पीएम मोदी ने गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति की जानकारी ली थी। इसके बाद पटेल स्टेट कंट्रोल रूम भी पहुंचे थे।





कच्छ में मांडवी, नलिया, नारायण सरोवर, जाखौ बंदर, मुंद्रा और गांधीधाम समेत पूरे राज्य में तेज बारिश हो रही है। 90 से 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। पिछले 24 घंटों में कच्छ में 2 से 7 इंच बारिश हुई है। 900 से ज्यादा गांवों की बिजली गुल हो गई है। इससे लोग परेशान हैं। बिपरजॉय तूफान गुरुवार शाम साढ़े छह बजे कच्छ के जखौ तट से टकराया था। लैंडफॉल आधी रात तक चला। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटे रही। इससे पहले कच्छ, द्वारिका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी समेत तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। अब यह उत्तर- दक्षिण राजस्थान की तरफ बढ़ रहा है।

### 940 गांवों की बिजली गुल, 23 जानवर मरे, 524 से अधिक पेड़ उखड़े

गुजरात में तेज हवाओं के चलते सैकड़ों पेड़ गिर गए। मोबाइल टॉवर क्षतिग्रस्त हुए, बिजली के खंभे उखड़ गए। बिजली कटौती के कारण कई इलाकों में अंधेरा छा गया। अधिकारी के मुताबिक, मोरबी के मलिया तालुका में दो बिजली स्टेशनों को बंद कर दिया गया है। तटीय और रेगिस्तानी इलाकों में 300 से ज्यादा बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। तूफान के चलते 23 जानवरों की मौत हो गई और गुजरात में विभिन्न स्थानों पर तेज हवाओं के साथ 524 से अधिक पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे लगभग 940 गांवों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। 94 हजार से ज्यादा लोगों को तटीय इलाकों से रेस्क्यू किया गया था। कोस्ट गार्ड ने 15 जहाज और 7 एयरक्राफ्ट तैयार रखे थे। एसडीआरएफ की 27 टीमें भी तैनात थीं।

### 99 ट्रेनें निरस्त, रेल मंत्री ने की समीक्षा

चक्रवाती तूफान के कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। इधर दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चक्रवात बिपरजॉय को लेकर अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। फिलहाल गुजरात में पोर्ट बंद कर दिए गए हैं। उड़ानें एवं ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया है। पश्चिम रेलवे ने लगभग 99 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है।

### राजस्थान की तरफ बढ़ रहा तूफान, 5 जिलों में रेड अलर्ट

गुजरात से गुजरने के बाद यह राजस्थान में एक डिप्रेशन वाले मौसमी सिस्टम की तरह प्रवेश करेगा। इस दौरान कई इलाकों में 10 से 20 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, गुजरात के साथ दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के कई इलाको में शुक्रवार को भारी बारिश होगी। ऐसा अनुमान है कि शुक्रवार दोपहर तक तूफान कमजोर पड़ जाएगा। हालांकि शनिवार को भी इसका असर राजस्थान में देखा जा सकता है। रविवार को पूर्वी राजस्थान, उससे सटे हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

इस तूफान के प्रभाव से राजस्थान के 5 जिलों में अति भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट, जबकि 13 जिलों में भारी बारिश की आशंका जताते हुए यहां के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अनुमान है कि 24 घंटे के दौरान राजस्थान के कुल जिलों में 200 मिमी ( 8 इंच ) या उससे ज्यादा बारिश हो सकती है

## मध्यप्रदेश को घोटाला प्रदेश बनाकर रख दिया: कमलनाथ



**भोपाल।** पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि मध्य प्रदेश को भारतीय जनता पार्टी सरकार ने घोटाला प्रदेश, अपराध प्रदेश, बना कर रख दिया है शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की जनता को 18 वर्षों का हिसाब नहीं दे पा रहे।

उन्होंने बड़वानी में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि भाजपा ध्यान रखें 2018 में मुझे मात्र 5 महीने का समय मिला था कार्य करने के लिए इस बार मुझे पर्याप्त समय मिला है, पिछली बार कमलनाथ 2018 का मॉडल था, परंतु इस बार कमलनाथ 2023 का मॉडल है। उन्होंने कहा कि नौजवानों की बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है, इसमें लगभग एक करोड़ बेरोजगार नौजवान हैं जिसमें से लगभग 45 लाख तो रजिस्टर्ड बेरोजगार है अब तो युवाओं का रजिस्ट्रेशन पर से भरोसा उठ चुका है।

उन्होंने कहा- बड़वानी जिला आज देश के सबसे पिछड़े हुए जिलों में गिना जाता है इसका जिम्मेदार कौन है सड़कों से लेकर स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक हर माणक पर बड़वानी बुरी तरह पिछड़ चुका है। जैसी प्राथमिकता बड़वानी के विकास को मिलनी चाहिए थी वैसी भाजपा के शासनकाल में नहीं मिल पाई उन्होंने सोचा यहां की जनता भोली भाली है सीधी-सादी है उसे आसानी से मूर्ख बनाया जा सकता है।

कमलनाथ ने कहा- मैं केंद्र में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री रहा देश के तमाम उद्योगपतियों से संबंध रहे हैं जब मैंने उनसे निवेश को लेकर बात की तब उन्होंने बताया मध्यप्रदेश में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार है। पीसीसी अध्यक्ष ने कहा- जयस जुड़े हुए नौजवान बहुत समझदार हैं वे अपने भविष्य के बारे में चिंतित हैं इसीलिए उन्होंने यह संस्था बनाई प्रदेश के हर जिले में अलग जैसे सभी लगातार मुझसे संपर्क में हैं उनका डीएनए कांग्रेस का डीएनए है।

## देश में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही कांग्रेसः नरोत्तम मिश्रा



**भोपाल।** कर्नाटक में नवगठित कांग्रेस सरकार द्वारा मतांतरण निरोधी कानून वापस लेने के फैसले पर सियासत गरमा गई है। मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस मामले में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राहुल और प्रियंका गांधी से जवाब मांगा है। नरोत्तम ने कहा कि नरोत्तम ने कहा कि उनका (कांग्रेस) एजेंडा सब लोग समझ रहे हैं। देश में वे तुष्टीकरण की राजनीति करना चाहते हैं। ये बात देश को भी समझना चाहिए, प्रदेश को भी समझना चाहिए। कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं, इसलिए पूरे प्रदेश को सोचना चाहिए।

नरोत्तम ने आगे कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) कर्नाटक के हैं। इसलिए कर्नाटक में जो कानून वापस लिया गया है, इसे आप कांग्रेस का हिडन एजेंडा समझ लीजिए। खरगे जी तो कुछ बोले नहीं, वह बोलने की स्थिति में भी नहीं होंगे। लेकिन, प्रियंका, राहुल से जरूर सवाल है। प्रियंका गांधी कहतीं थीं कि, लड़की हूं, लड़ सकती हूं। मतांतरण निरोधी विधेयक तो लड़कियों की सुरक्षा के लिए था। क्या कानून रद् करना जिहादियों को संरक्षण देना नहीं है? इससे एक बात स्पष्ट हो गई कि कांग्रेस का हाथ, जिहादियों के साथ।

## निकाय उपचुनावः छिंदवाड़ा में भाजपा और परासिया में कांग्रेस जीती



**भोपाल/छिंदवाड़ा।** संवाददाता। मध्यप्रदेश में पार्षद की 13 सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा को 7 सीट मिली हैं। कांग्रेस ने 6 सीट पर जीत हासिल की। छिंदवाड़ा नगर निगम के वार्ड 42 के उपचुनाव में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी संदीप सिंह चौहान ने 436 वोट से जीत दर्ज की, जबकि जिले की परासिया नगर परिषद के वार्ड 6 से कांग्रेस प्रत्याशी पूजा पप्पू मरकाम की जीत हुई। दोनों ही सीट पार्षदों के निधन के बाद खाली हुई थीं।

छिंदवाड़ा निगम के वार्ड 42 के लिए दोनों ही दलों ने पूरी ताकत झोंक रखी थी। प्रचार विधानसभा चुनाव जैसा था। दोनों तरफ से पूर्व मंत्री, विधायक वोट मांगने घर-घर गए थे। भाजपा के पोस्टर-बैनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक थे, तो कांग्रेस कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री बताकर वोट मांग रही थी।

### नतीजों पर वीडी शर्मा बोले, जनता ने आइना दिखा दिया

उपचुनाव के नतीजों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, पार्षदों के उपचुनाव में बीजेपी ने इतिहास रचा है। छिंदवाड़ा में बीजेपी के प्रत्याशी ने जीत दर्ज कर इतिहास बनाया। मध्यप्रदेश में 2023 के चुनाव का आगाज हो चुका है। प्रियंका, कमलनाथ और मिस्टर बंटाधार को छिंदवाड़ा की जनता ने आइना दिखाया है। 62 प्रतिशत वोट हमारे प्रत्याशी को मिला है। अमित शाह ने महासंकल्प रैली से आगाज किया था। आज भाजपा को छिंदवाड़ा की जनता ने सौगात दी है। पहले दिन से जनता ने आईना दिखाना शुरू कर दिया है। शुरुआत हो चुकी है, छोटे चुनाव ने बड़ा आईना दिखाने का काम किया है।

## कुपवाड़ा में मुठभेड़, पांच आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के एलओसी के जुमागुंड इलाके में मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकी मारे गए। सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अभी जारी है। मौके पर बड़ा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल से हथियार बरामद किए गए हैं।

अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह इलाके में आतंकियों के एक दल के सक्रिय होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस और सेना की संयुक्त टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। जब सुरक्षाबल एक ठिकाने की तरफ बढ़ तो आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पांच आतंकियों के मारे जाने की सूचना है।

## मणिपुर में भीड़ ने विदेश राज्य मंत्री का घर जलाया
### 50 लोगों ने पेट्रोल बम फेंके, 20 दिन में 4 मंत्रियों-विधायकों के घर पर हमला





**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर जातीय हिंसा चल रही है। 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी। गुरुवार देर रात फिर हिंसा हुई। कुछ लोगों ने भाजपा सांसद और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह के इंफाल स्थित घर में आग लगा दी। घटना के वक्त मंत्री केरल में थे। सिंह मैतेई समुदाय के हैं। राजकुमार रंजन सिंह ने कहा, कल रात जो हुआ उसे देखकर बेहद दुख हुआ। मुझे बताया गया कि 50 से अधिक लोगों ने रात करीब 10 बजे मेरे घर पर हमला किया। सिंह ने कहा- मैं हिंसा की घटनाओं से हैरान हूं। मणिपुर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### भाजपा की नफरत की राजनीति में जल रहा मणिपुरः राहुल गांधी

मणिपुर हिंसा पर गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया। राहुल ने लिखा- भाजपा की नफरत की राजनीति ने मणिपुर को 40 से अधिक दिनों तक हिंसा की आग में जलाए रखा है, जिसमें सौ से अधिक लोग मारे गए। पीएम पूरी तरह खामोश हैं। हिंसा खत्म करने और शांति बहाल करने के लिए राज्य में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा जाना चाहिए। आइए इस नफरत के बाजार को बंद करें और मणिपुर में हर दिल में मोहब्बत की दुकान खोलें।

### पांच सौ से ज्यादा सिविल सोसाइटी ने बयान जारी किया

मणिपुर में जारी हिंसा पर वरिष्ठ वकिल प्रशांत भूषण ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सिविल सोसाइटी का दो पन्नों का एक बयान पोस्ट किया। भूषण ने लिखा- हिंसा पर प्रधानमंत्री को बोलना चाहिए और इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। कोर्ट की निगरानी में एक ट्रिब्यूनल बनाया जाना चाहिए जो हिंसा की घटना की जांच करे और जिम्मेदारी तय करे।

### म्यांमार से मणिपुर में घुसे 300 हथियार बंद लोग

म्यांमार से राज्य के बिष्णुपर जिले में 300 हथियारबंद लोगों के घुसने की जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार, तोरबुंग के जंगलों में ठिकाना बनाने के बाद हिंसा करने वालों का ये समूह चूराचांदपुर की ओर बढ़ रहा है। बताया जाता है कि इनमें चिन और कुकी शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियां इनका पता लगाने के लिए ड्रोन इस्तेमाल कर रही हैं। इस बीच गुरुवार दोपहर में बिष्णुपुर जिले के त्रोंग्लाओबी में कुकी हमलावरों ने पुलिस वाहन पर अंधाधुंध फायरिंग की। जिसमें पुलिस का एक कमांडो शहीद हो गया, जबकि दो अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस बीच, राज्य में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को 20 जून तक बढ़ा दिया गया है।

## केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के खिलाफ ममता सरकार पहुंची हाईकोर्ट, दायर की समीक्षा याचिका



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को पंचायत चुनाव के लिए राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि 48 घंटे के भीतर राज्य चुनाव आयोग को केंद्रीय बलों के लिए केंद्र से अनुरोध करना होगा। अब इसी मामले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार हाईकोर्ट पहुंच गई है। राज्य सरकार ने पंचायत चुनावों के लिए जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है।

उल्लेखनीय है कि विपक्षी पार्टियां राज्य पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची थीं। गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की खंडपीठ ने उनकी याचिकाओं पर फैसला सुनाया था। वहीं, एक अधिकारी ने राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में एक और याचिका लगाई है। उन्होंने मांग की है कि जिन लोगों को नामांकन करने से रोका गया है, उनको दोबारा से मौका मिले।

# न्यू मार्केट की रोड साइड पार्किंग बंद होंगी, कलेक्टर ने दिए निर्देश

### नगर निगम और पुलिस की रिकवरी वेन तैनात रहेंगी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कलेक्टर आशीष सिंह गुरुवार को फिर भोपाल की यातायात व्यवस्थाओं को सुधारीकरण के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने निकले। अभी एक माह पूर्व ही कलेक्टर द्वारा यातायात व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए अलग-अलग 10 से अधिक जगहों का निरीक्षण किया था और आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए थे।

इस संबंध में आशीष सिंह ने आज पुनः टी टी नगर थाने से यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए निरीक्षण किया। टीटी नगर स्थित पार्किंग का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए की न्यू मार्केट के आसपास की जगह, रोड किनारे की पार्किंग बंद की जाए और इसके लिए व्यापारियों और लोगों को समझाएं। इसके साथ एक रिकवरी बैन और नगर निगम का अमला भी तैनात करने के निर्देश कलेक्टर भोपाल द्वारा दिए गए हैं। रोड पर कोई भी गाड़ी पार्क नहीं होगी इसके लिए सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी आशीष सिंह द्वारा दिए गए हैं ।

पूर्व में दिए गए निर्देश पर सेकंड स्टॉप तिराहे के सामने रंबल स्ट्रिप बनाने और यातायात को सुचारु बनाने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। कलेक्टर आशीष सिंह ने 10 नंबर मार्केट में स्थित पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश पूर्व में दिए थे जिस पर कोई कारवाई नही होने पर नाराजगी व्यक्त की और पार्किंग के लिए एक साइड और रास्ता खोलने के साथ दुकानों को शिफ्ट करने के लिए भीं कहा है। कलेक्टर आशीष सिंह 6 नंबर स्थित चौपाटी, 11 नंबर हनुमान मंदिर के सामने की व्यवस्थाओं और बावड़ियां ब्रिज का निरीक्षण करने पहुंचे। बावड़ियां आर ओ वी पर भी डिवाइडर बनाकर दोनों तरफ के ट्रैफिक को कंट्रोल किया जा रहा है इसके साथ ही बावड़ियां ब्रिज चौराहे पर दोनों साइड के लेफ्ट साइड कॉर्नर को क्लियर करने के निर्देश भी दिए हैं जिस पर भी कार्रवाई शुरू हो चुकी है ।

**आईएसबीटी के आगे स्थित चौराहे पर भी डिवाइडर बनाने का काम शुरू:** कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, स्मार्ट सिटी और एमपीईवी के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि रोड ट्रैफिक को क्लियर करने और अवरोधों को हटाने के लिए आवश्यक होने पर विभागीय कार्य भी तुरंत किया जावे। बंसल अस्पताल के सामने रोड पर पार्किंग की व्यवस्था को सुधारने के लिए बताया गया की चुनाभट्टी से शैतान सिंह चौराहे तक रोड चौड़ीकरण करने के टेंडर हो चुके हैं , जो सर्विस रोड है उस पर भी यातायात शुरू करने के लिए व्यवस्था बनाने का के शुरू किया जाना है इससे यहां पर पार्किंग की व्यवस्था की समस्या का समाधान होने में मदद मिलेगी।

कलेक्टर आशीष सिंह ने इस संबंध में कहा कि बंसल हॉस्पिटल के ओनर या उसके संचालक से इस संबंध में बात करने के निर्देश दिए और उनको हॉस्पिटल में आने वाले के लिए पार्किंग व्यवस्था बनाने को व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

कलेक्टर ने इसके बाद पुराने भोपाल रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म के सामने और उसके आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम , पुलिस, पीडब्ल्यूडी स्मार्ट सिटी और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के शिक्षक-शिक्षिकाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# देश का भविष्य विद्यालयों में ही बनता है:सिद्ध भाऊ





**संत हिरदाराम नगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकन्ड्री स्कूल, वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम दासवानी कल्चरल हाल में आयोजित किया गया। सिद्ध भाऊ ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने आर्शीवचन में कहा कि किसी भी पेशे में कार्य करने के लिए मन की शांति आवश्यक है। विवेक विरूद्ध कार्य करने से मन शांत नहीं होता। शिक्षण कार्य के लिए सचेत रहना अति आवश्यक है, शिक्षक का कर्तव्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करवाना ही नहीं बल्कि छात्रों को व्यवहार कुशल बनाना भी है ताकि वह अंहकारी न बने, क्योंकि अंहकारी व्यक्ति निर्बलों का शोषण करता है और गलत कार्य का परिणाम कभी सुखदाई नहीं हो सकता। छात्रों को सिखाएं कि वे ईश्वर और माता-पिता के प्रति सदैव कृतज्ञ रहें। पी.टी.एम. में अभिभावकों को बताएं कि छात्राओं से घर में भी सम्मानजनक व्यवहार करें और छात्रों को पंचाग प्रणाम प्रणाली सिखाएं जिससे उनमें विनम्रता का गुण विकसित हो। जीवन में अनुशासन और समय की पाबंदी अति आवश्यक है। शिक्षकों को समय-समय पर प्रेरित करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी एवं चारों विद्यालयों के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, कोऑर्डिनेटर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## वार्ड 4 में सीवेज पाइप लाइन के लिए किया भूमिपूजन



**संत हिरदाराम नगर।** वार्ड क्रमांक 4 के बी-21-22 न्यू गली में एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 4 के पार्षद राजेश हिंगोरानी द्वारा सीवेज पाइप लाइन के लिए भूमिपूजन किया गया। करीब एक लाख रूपए की लागत से यहां पर सीवेज की पाइप लाइन का कार्य किया जाएगा। जिससे रहवासियों को सुविधा होगी और ओवर फ्लो की समस्या से निजात मिलेगी। भूमिपूजन के अवसर पर उपयंत्री सुरभि, पिताम्बर तेजवानी, नरेन्द्र केवलानी, सोनू नरयानी, पुरूषोत्तम, हरि सिंह विश्वकर्मा सहित कई उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया



**भोपाल।** नारियल खेड़ा स्थित मां तारामनी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में पंडित सिद्धांत महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया मंदिर के पुजारी संदीप शोले ने बताया श्रीमद् भागवत कथा मंदिर संरक्षक आलोक शर्मा देवेंद्र योगी के अथक प्रयासों से एवं सभी धर्म प्रेमी बंधुओं के प्रयास से यह श्रीमद् भागवत कथा संपन्न हो रही है श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण आ रहे हैं कथा में भाजपा कार्यसमिति सदस्य कृष्णा घाडगे कांग्रेस नेता नासिर इस्लाम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर व्यास गादी से आशीर्वाद ले रहे हैं कथा में कपिल जाधव यशवंत योगी तिलक जोगी कमल नाहर शैलेन्द्र बलुया सहित श्रद्धालु उपस्थित थे भगवान श्री कृष्ण एवं राधा जी मनमोहन झांकी ने सभी का मन आकर्षित कर लिया।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर 20 संस्थानों पर की कार्रवाई, लगाया 18 लाख का जुर्माना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जिला खाद्य सुरक्षा के मिलावटी खाद्य पदार्थों के तहत द्वारा बनाए गए प्रकरण में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार न्याय निर्णायक अधिकारी (अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ) हरेन्द्र नारायण के द्वारा न्यायालय में 20 प्रकरणों पर अठारह लाख सत्तर हजार रूपये का जुर्माना किया गया है । जारी किये गये निर्णयों में मुरैना निवासी दिग्विजय सिंह जादौन के विरूद्ध दो प्रकरणों में कुल चार लाख रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है। पूर्व में दिग्विजय सिंह जादौन की अभिरक्षा से लगभग नौं क्विंटल अमानक पनीर जप्त कर विनष्ट कराया गया था । इसके साथ अमानक मावा का परिवहन एवं विक्रय करने के आरोप में ग्वालियर निवासी सुरेश कन्नौजी के विरूद्ध दो लाख रूपये अवमानक शहद का निर्माण एवं विक्रय के आरोप में शामली स्थित निर्माता संस्था आजाद कुटीर उद्योग के विरूद्ध एक लाख रूपये तथा फुटकर विक्रेता सहित कुल दो लाख रूपये, अमानक टोस्ट के निर्माण एवं विक्रय के आरोप में आजाद मार्केट, नई दिल्ली स्थित निर्माता नारायण जनरल स्टोर के विरूद्ध एक लाख पच्चीस हजार, अमानक पनीर, मावा तथा मगज के उपयोग के आरोप में होशंगाबाद रोड़ स्थित सेलेस्टियल पार्क के निदेशकों एवं कंपनी के विरूद्ध एक लाख रूपये, अमानक पनीर का उपयोग करने के आरोप में गणेशनगर, होशंगाबाद रोड़ स्थित होटल इन्शिग्निया के निदेशकों के विरूद्ध पचहत्तर हजार रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

न्याय निर्णायक अधिकारी श्री हरेन्द्र नारायण के द्वारा अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर दो खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध कुल अस्सी हजार जुर्माना अधिरोपित किया गया जिससे खाद्य कारोबार में गंदगी तथा अस्वच्छता की स्थित को लोक स्वास्थ्य के हित में पूर्णतः समाप्त किया जा सके।

### अवैध रूप से शराब पिलाने वाले ढाबों पर क्राइम ब्रांच के छापे

**भोपाल ।** थाना क्रइम ब्रांच के नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। उसी क्रम में गुरुवार 14 व 15 जून की रात्रि में अवैध शराब एवं हुक्काबार प्रबंधन के विरुद्ध अवैध रूप से शराब व हुक्का पिलाने वालो पर कार्यवाही की गई इस दौरान मौके पर मिले लोगो को गिरफ्तार कर संबंधित थानों को सुपुर्द किया गया। शहर में अबैध शराब / हुक्काबार पर चलाने वाले होटल रेस्टोरेंट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये है आदेश के पालन में थाना क्राइम ब्रांच की टीमे लगातार अवैध रूप से शराब पिलाने व अवैध रूप से हुक्का चलाने वाले होटल ढाबों रेस्टोरेंट पर कार्यवाही कर रही है। 14 जून 2023 को थाना रातीबड़ क्षेत्र में कन्ट्रीसाइड मिडोस, नेटर कार्टेज, ग्रीन नेटर, दा रॉक यार्ड, बैसिल ढाबा, नेचर वैली, ट्री केपटर हुक्काबार लाँज को चैक किया गया। चैकिंग के दौरान दा रॉक यार्ड, फूड लांच एवं नेचर कार्टेज में दविश दी गई। अवैध रुप से शराब एवं पीने व पिलाने वाले व्यक्तियों को पकड़ कर वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना रातीबड़ को सुपुर्द किया गया। एवं थाना रातीबड़ द्वारा होटल प्रबधंन के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा प्रिंसी जोनल स्तर पर चयनित



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा प्रिंसी पहलवानी राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में चयनित हुई है। यह प्रतियोगिता आई.आई.टी. हैदराबाद एवं भारत सरकार के इंडियन नेशनल यंग एकेडमी ऑफ सांइसेस के संयुक्त तत्वावधान में जी-20 मॉडल के अंतर्गत आयोजित की गई। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय ''बहुलक्षीय संस्थानों के लिए सुधार था। प्रिंसी पहलवानी को अब जोनल स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए पात्रता प्राप्त हो गई है। जिसके लिए उन्हें 30 जून को आई.आई.टी. इंदौर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करना है। समस्त प्राध्यापकों विशेषकर लिटरेरी कमेटी की संयोजक डॉ. नेहा गुप्ता ने अपार हर्ष व्यक्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने अपना आशीर्वाद देते हुए प्रिंसी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का जोश प्रत्येक छात्रा में होना आवश्यक है।

## त्रिलंगा में सड़क निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने वार्ड क्र. 51 के अंतर्गत त्रिलंगा में सड़कों के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा शहर के नागरिकों को बेहतर से बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सड़कों आदि के निर्माण के कार्य कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को जोन क्र. 06 के वार्ड क्र. 51 के अंतर्गत त्रिलंगा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण हेतु महापौर श्रीमती मालती राय ने विधिवत भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 12 लाख रूपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। भूमिपूजन अवसर पर जोन अध्यक्ष श्री बाबूलाल यादव, स्थानीय पार्षद श्रीमती स्नेहलता रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि श्री भगवत रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी व त्रिलंगा रहवासी संघ के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### परवलिया सड़क में शिफ्ट होंगी आरा मशीनें

# कलेक्टर की उपस्थिति में हुई टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन की बैठक में बनी सहमति

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




कलेक्टर आशीष सिंह के साथ गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन और आरा मशीन संचालकों की बैठक आयोजित हुई। इसके साथ ही कलेक्टर ने बताया कि सभी आरा मशीन संचालकों द्वारा सहमति देने के बाद वहां पर आधार भूत को संरचना को बनाने के लिए जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों को बोला गया है। उपरोक्त जमीन के संबंध में सभी जानकारी एकत्रित कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में आरा मशीन संचालकों ने परवलिया सड़क स्थित रातीबड़ में शिफ्ट होने की सहमति हो चुकी है। सहमति होने के साथ ही शहर के सभी एसडीएम क्षेत्र में संचालित आरा मशीनो को वहां पर शिफ्ट करने की कर्रवाई शुरू होंगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने एसडीएम जमील खान और श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्रवाई जल्दी पूर्ण की जाए और जमीन के संबंध में सबंधित सभी दस्तावेज की कर्रवाई जल्दी पूर्ण करें। चिन्हित जमीन आवंटन के साथ ही उद्योग विभाग के अधिकारी सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सड़क, बिजली, पानी के काम शुरू करेंगे। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी और आरा मशीन संचालक, टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में बनेगी संजीवनी क्लीनिक, महापौर ने निगम अध्यक्ष की उपस्थिति में किया भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं भी और अधिक बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 48 के शाहपुरा क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक के निर्माण हेतु महापौर मालती राय ने नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। महापौर राय ने नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में गुरूवार को वार्ड क्र. 48 के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुरा में संजीवनी क्लीनिक निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं भी बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने हेतु पूर्व से संचालित संजीवनी क्लीनिकों के उन्नयन व जिन क्षेत्रों में संजीवनी क्लीनिक नहीं हैं वहां नवीन संजीवनी क्लीनिकों का निर्माण कराया जा रहा है।

इसी क्रम में आज शाहपुरा क्षेत्र में भी संजीवनी क्लीनिक के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। यहां शीघ्र ही संजीवनी क्लीनिक मूर्तरूप लेगा और नागरिकों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं और पूर्व से कार्यरत संजीवनी क्लीनिकों का उन्नयन एवं अन्य स्थानों पर आवश्यकतानुसार नवीन संजीवनी क्लीनिकों के निर्माण कराया जा रहा है। शाहपुरा में संजीवनी क्लीनिक निर्माण से यहां के नागरिकों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी। इस अवसर पर भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, स्थानीय पार्षद अरविंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# तंबाकू निषेध पखवाड़े में न्यू मार्केट क्षेत्र में लोगों को किया जागरूक

### तंबाकू सेवन करने वालों पर की चालानी कार्यवाही

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विश्व तंबाकू नियंत्रण पखवाड़े में न्यू मार्केट क्षेत्र में व्यापारियों एवं आम नागरिकों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से अवगत करवाने के लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें कैंसर रूपी कैरेक्टर के माध्यम से तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान जिला स्तरीय निरीक्षण एवं एनफोर्समेंट दल द्वारा कोटपा एक्ट के तहत धूम्रपान करने एवं तंबाकू सेवन कर थूकने पर चालानी कार्यवाही की गई। ब्रह्माकुमारी संस्था के वॉलिंटियर्स द्वारा धूम्रपान ना करने की शपथ दिलवाई गई। जिला निरीक्षण दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान नहीं करने की समझाइश तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को जयप्रकाश चिकित्सालय में संचालित परामर्श केंद्र में आने की सलाह दी गई। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि अगर वे तम्बाकू का सेवन करते हैं तो सबसे पहले स्वयं तम्बाकू का इस्तेमाल करना बंद करे। साथ ही अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को भी तम्बाकू, गुटका न खाने के लिए प्रेरित करे। जिससे स्वास्थ्य के साथ बाजार परिसर को भी स्वच्छ रखा जा सके।

कार्यवाही के दौरान तम्बाकू विक्रेताओं को दुकान के सामने तम्बाकू से होने वाले खतरों की वैधानिक चेतावनी संबधी जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाने हेतु निर्देशित गया। नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की अगुवाई में की गई कार्यवाही में टीटी नगर पुलिस द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।ब्रह्मकुमारी संस्था के वॉलिंटियर्स द्वारा लोगों आर्थिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर नुकसान बतलाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जिला टीम द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता हैं। प्रायः यह देखने में आता है कि लोग गुटके का सेवन कर उसे जगह जगह थूकते हैं। ऐसा करना स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए खराब है। साथ ही यह हमारे परिवेश को अस्वच्छ भी करता है। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्रों में जागरूकता गतिविधियों के साथ चालानी कार्यवाही निरंतर की जाएगी।

# 98.51 प्रतिशत महिलाओं को 1000 रुपए का भुगतान हुआ

### शेष को भुगतान कराने में अधिकारी लेंगे जन-प्रतिनिधियों का सहयोग

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने की लाड़ली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाएँ अद्भुत हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर कार्य हुआ है। इसके लिए मंत्रीगण, विधायक, जन-प्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ 18 लाख 22 हजार 624 लाड़ली बहनों को सफल भुगतान किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 98.51 है।

मुख्यमंत्री चौहान ने अधिकारियों को लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरित नहीं होने वाली बहनों की मदद करने के लिये जन-प्रतिनिधियों से सहयोग लेने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव सहकारिता उमाकान्त उमराव, प्रमुख सचिव विज्ञान एवं तकनीकी निकुंज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**शीघ्र कराया जायेगा शेष लाड़ली बहनों के खाते में भुगतान:** मुख्यमंत्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरण के बाद शेष रही बहनों को भी खाते में शीघ्र पैसा पहुँचाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास तत्परता से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन एक लाख 78 हजार 891 बहनों के खाते में राशि नहीं पहुँची है, उनसे आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर बैंक को उपलब्ध कराई जाये, जिससे उनके खाते में भुगतान हो सके। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आधार सीडिंग कार्य में महापौर, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, समस्त जन-प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। जन-प्रतिनिधि बहनों के साथ बैंकों में जाकर अकाउंट डाटा अपडेट करने में आवश्यक मदद करें, जिससे योजना की राशि पहुँच सके। बताया गया कि 10 जून से 14 जून के मध्य डीबीटी सक्रिय किये गये 1.07 लाख हितग्राही बहनों के भुगतान आदेश 15 जून को प्रोसेस किये गये हैं।

**असफल भुगतान प्रकरणों के निराकरण के लिये की जा रही कार्यवाही:** समस्त लाड़ली बहनों को एसएमएस कर भुगतान असफल होने की जानकारी दी जा रही है। संदेशों के द्वारा असफल होने के कारण और उनके निराकरण के लिये सुझाव भी प्रेषित किये जा रहे हैं। जिले और स्थानीय निकाय स्तर पर प्रत्येक लाड़ली बहना के भुगतान असफल होने का कारण और निदान प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला स्तर से निराकरण के बाद लाड़ली बहनों को भुगतान किये जाने की पुनः कार्यवाही की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी।

**शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगा खाद-बीज:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कृषक ब्याज माफी योजना में डिफाल्टर किसानों के खाते में डाली गई राशि के बाद अब वे किसान शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद-बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में किसानों को अब 4 हजार रूपए की जगह 6 हजार रूपए दिए जाएंगे। हर साल तीन किश्तों में दो-दो हजार रुपए की राशि डाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि मंत्रि-परिषद द्वारा 9 मई 2023 को कृषक ब्याज माफी योजना को स्वीकृति दी गई थी। योजना में 31 मार्च 2023 की स्थिति में डिफाल्टर कृषकों के ऊपर 2 लाख रूपए के ब्याज सहित अल्पकालीन एवं मध्यकालीन परिवर्तित ऋण की ब्याज राशि माफ किए जाने का प्रावधान है। योजना में 11 लाख 19 हजार डिफाल्टर कृषकों के ऊपर बकाया ब्याज की राशि लगभग 2123 करोड़ रूपये माफ की गई है।

## 1 जुलाई 2023 से रेलवे के ये 10 नियम बदलेंगे

1) वेटिंग लिस्ट का झंझट खत्म होगा। रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली सुविधा ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म टिकट की सुविधा दी जाएगी.

..................................

2) 1 जुलाई से तत्काल टिकट कैंसिल कराने पर 50 फीसदी राशि वापस की जाएगी.

..................................

3) एक जुलाई से तत्काल टिकट के नियमों में बदलाव किया गया है। एसी कोच के लिए सुबह 10 बजे से 11 बजे तक जबकि स्लीपर कोच की बुकिंग सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी।

4) 1 जुलाई से राजधानी और शताब्दी ट्रेनों में पेपरलेस टिकटिंग की सुविधा शुरू की जा रही है। इस सुविधा के बाद शताब्दी और राजधानी ट्रेनों में पेपरलेस टिकट नहीं मिलेगा, बल्कि आपके मोबाइल पर टिकट भेजा जाएगा।

5) जल्द ही अलग-अलग भाषाओं में रेलवे टिकटिंग की सुविधा शुरू होने जा रही है. अभी तक रेलवे में हिंदी और अंग्रेजी में टिकट मिलते थे, लेकिन नई वेबसाइट के बाद अब अलग-अलग भाषाओं में टिकट की बुकिंग की जा सकेगी.

6) रेलवे में टिकट के लिए हमेशा मारामारी मची रहती है। ऐसे में एक जुलाई से शताब्दी और राजधानी ट्रेनों में कोचों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

7) एक वैकल्पिक ट्रेन समायोजन प्रणाली, सुविधा ट्रेन और महत्वपूर्ण ट्रेनों की डुप्लीकेट ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है ताकि व्यस्त समय के दौरान बेहतर ट्रेन सुविधा प्रदान की जा सके।

8) रेल मंत्रालय 1 जुलाई से राजधानी, शताब्दी, दुरंतो और मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की तर्ज पर सुविधा ट्रेनें चलाएगा।

9) रेलवे 1 जुलाई से प्रीमियम ट्रेनों को पूरी तरह बंद करने जा रहा है।

10) सुविधा ट्रेनों में टिकट रिफंड करने पर 50त्न किराया वापस किया जाएगा। इसके अलावा एसी-2 पर 100/- रुपये, एसी-3 पर 90 रुपये, स्लीपर पर 60 रुपये प्रति यात्री की कटौती की जाएगी।

जनहित में जारी

..............................................

ट्रेन में लापरवाही से सोएं, गंतव्य स्टेशन पर पहुंचते ही जाग उठेगा रेलवे...

आपको 139 पर कॉल करके अपने पीएनआर पर वेकअप कॉल-डेस्टिनेशन अलर्ट सुविधा को सक्रिय करना होगा।

रेलवे ने रात में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को डेस्टिनेशन स्टेशन पर पहुंचने से पहले वेकअप कॉल-डेस्टिनेशन अलर्ट की सुविधा शुरू की है.

डेस्टिनेशन अलर्ट क्या है

> इस फीचर का नाम डेस्टिनेशन अलर्ट है।

सुविधा के सक्रिय होने पर गंतव्य स्टेशन आने से पहले ही मोबाइल पर अलार्म बजेगा।

> सुविधा को सक्रिय करने के लिए
अलर्ट टाइप करने के बाद
पीएनआर नंबर टाइप करना होगा
और 139 पर भेज दें।

> 139 पर कॉल करनी है।

कॉल करने के बाद, भाषा चुनें और फिर 7 डायल करें।

7 डायल करने के बाद पीएनआर नंबर डायल करना होगा। इसके बाद यह सेवा सक्रिय हो जाएगी

> इस फीचर को वेक-अप कॉल का नाम दिया गया है।

मोबाइल की घंटी रिसीव होने तक बजेगी

इस सर्विस को एक्टिवेट करने पर स्टेशन आने से पहले मोबाइल की घंटी बजेगी। यह घंटी तब तक बजती रहेगी जब तक आप फोन रिसीव नहीं करते। फोन मिलने पर यात्री को सूचित कर दिया जाएगा कि स्टेशन आने वाला है।

## द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधि को गंभीरता से लें सभी अधिकारी: राजन

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों को लेकर उपजिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 12 जून से शुरू हुए सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के पहले चरण का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन की उपस्थिति में आज समापन हुआ। पहले चरण में 103 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लें। जिलों में अभी प्री-रिवीजन की गतिविधि चल रही है। जिस प्रदेश में चुनाव होता है वहां पर एसएसआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) की एक और गतिविधि होती है। इसके अंतर्गत 2 अगस्त को प्रदेश के समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा तथा 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके बाद एसएसआर गतिविधि नहीं होगी। इसलिए यह आखरी मौका है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधि को गंभीरता से लें। पूरी इमानदारी व मेहनत से कार्य करें, ताकि सही ढंग से निर्वाचन का कार्य संपन्न हो सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करें। यदि किसी मतदान केंद्र को परिवर्तित करने की जरूरत है तो उसका प्रस्ताव बनाकर भेजें। एक मतदान केंद्र पर एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम और 2 किमी से अधिक दूरी पर कोई मतदान केंद्र न हो, यह सुनिश्चित करें।

### ग्राम कनेरागौड़ के शक्ति केन्द्र की बैठक में शामिल हुये राजस्व एवं परिवहन मंत्री

## विकास का मूल्यांकन करना है तो अतीत के पन्नों को पलट कर देखें: गोविंद सिंह

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**




प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नया निर्माण हुआ है। 21वीं सदी का भारत अब नई सोच नई अप्रोच के साथ काम कर रहा है। श्री राजपूत ने कहा कि अगर विकास का सही मूल्यांकन करना है तो पुराने समय में झांक कर देखो जहां विकास के नाम पर सिर्फ वादे हुआ करते थे लेकिन भाजपा ने जमीन पर काम करके दिखाया है। गांव-गांव में सड़कों का जाल हर वर्ग के लिये योजनायें महिला सशक्तिकरण शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय ऐसे उदाहरण है जिससे पता चलता है कि राष्ट्रहित के बारे में जो पार्टी काम करती है वह झूठे वादे नहीं काम करके दिखाती है। यह बात राजस्व एवं परिवहन श्री राजपूत ने सुरखी विधानसभा के ग्राम कनेरागौड़ में आयोजित शक्ति केन्द्र की बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर श्री राजपूत ने बैठक में आये सभी भाजपा के पदाधिकारी एवं बूथ प्रभारी, बीएलओ, महामंत्री एवं कार्यकर्ताओं का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री राजपूत ने का कि भाजपा ऐसी ही पार्टी है जो सबके साथ सबके विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश नित नये आयाम गढ़ रहा है। लाड़ली बहना योजना ने महिला सशक्तिकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है इतना ही नहीं लाड़ली बहना योजना में भविष्य में 3000 की राशि की जायेगी। श्री राजपूत ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आवाहन करते हुये कहा कि किसी के बहकावे में ना आये विकास के लिये संकल्पित पार्टी भाजपा के साथ अपना विकास सुनिश्चित करें। श्री राजपूत द्वारा इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र पाठक, मंडल अध्यक्ष कमल कुर्मी, रणबहादुर सिंह छुट्टू राजा, जिला पंचायत सदस्य अर्पणा यादव, लोकमन लोधी, महेश पटैल, प्रेम पटैल, धर्मेन्द्र कुर्मी, जमना अहिरवार, विजय दुबे, विनोद पटैल, सुदामा चौधरी, गोरेलाल पटैल, मोनू पटैल, दीनदयाल दीक्षित, दुर्गा अहिरवार सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संयुक्त मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का करेगा सम्मान

**भोपाल।** संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो मध्यप्रदेश की ओर से समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले लोगों और समाज को सम्मानित किया जाएगा इसके लिए 18 जून को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा यह आयोजन राज्य पशु पालन प्रशिक्षण संस्थान लिंक रोड नंबर 3 कोटरा सुल्तानाबाद में आयोजित किया जाएगा संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष एसपी सिंह जी ने बताया कि समाज के कई उत्कृष्ट लोग और संस्थाएं हैं जो मानवता के प्रति समर्पित हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कर रही है इसका लाभ समाज के कमजोर तबके के लोगों को मिल रहा है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह रहेंगे।

## टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित समर कैम्प का समापन, 4158 खिलाड़ियों ने की भागीदारी

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



टी.टी. नगर स्टेडियम में 15 अप्रैल से 15 जून, 2023 तक हुए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर (समर कैम्प) का संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री रवि कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को समापन हुआ। समर कैम्प में इस वर्ष रिकार्ड 4158 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। उल्लेखनीय है कि तात्या टोपे स्टेडियम के समर कैम्प में 17 खेलों में 75 प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। संचालक श्री गुप्ता ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षकों की अनुशंसा पर समर कैम्प के 17 खेलों के सबसे प्रतिभावान 34 खिलाड़ियों को एक साल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने की घोषणा की। उन्होंने कैम्प की सफलता पर खिलाड़ियों, अभिभावकों, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया की पहल पर ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रदेश भर में हुआ है। इसमें प्रदेश भर में एक लाख से अधिक बच्चे खेलों से जुड़े है। समर कैम्प से चुने हुए सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों द्वारा चिन्हित किया गया है। चिन्हित खिलाड़ियों में प्रत्येक खेल से एक बालक और एक बालिका खिलाड़ी शामिल है। बैडमिंटन - कृष्णा, खुशी, एथलेटिक्स - सुमित पटेल, अंशिका द्विवेदी, ताईक्वाडो- योगेश कोतवाल, कनिष्का राठौर, कराते - कुशाग्र, साक्षी सेनी, फेंसिंग- आर्य पटेल, तान्या मालवीय, कुश्ती- चेतन यादव, रिया दंग, स्केटिंग- कुराना कुशवाह, हानिया अतीफ खान, जूडो- आयुश श्रीवास, अदिति पांडे, टेनिस- सईद हबीब एहमद, तृप्ति माली, टेबल टेनिस- हर्ष शिल्पी, प्राशी प्रजापति, कबड्डी- कनिष्क जोशी, नेहा यादव, बॉक्सिंग- भास्कर, अंशिका, स्कवैश- तौहिद तनवीर, दीक्षा, जिम्नास्टिक- विनय डरिया, दीक्षा सेन, व्हॉलीबाल- प्रथमेश पाटिल, नत्या थाप्पा, बॉस्केटबाल- अमन थापा, अराधना जोगी, बिलियर्ड एंड स्नूकर- आनंदी। इन सभी खिलाड़ियों को एक वर्ष तक निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अचानक उमरिया जिले के वायरलेस कक्ष में पहुंचे डीजीपी

### एक माह में एचएफ सेट्स को दुरुस्त करने के दिए निर्देश, हैड कॉन्स्टेबल के साथ बैठकर ली साइबर क्राइम की जानकारी

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिए दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना निरंतर संपूर्ण प्रदेश की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने शहडोल जोन में घटित अपराधों और उन पर नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। गुरुवार को शहडोल जोन में डीजीपी सक्सेना ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि नागरिकों की सुरक्षा, उन्हें न्याय दिलाना और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जोन में गुंडा-बदमाशों पर सतत निगरानी रखने एवं उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

**तत्काल दुरुस्त हों एचएफ लॉन्ग डिस्टेंस सेट्स की व्यवस्था:** डीजीपी सक्सेना अचनाक उमरिया जिले के पुलिस कंट्रोल रूम स्थित वायरलेस कक्ष पहुंचे। यहां उन्होंने वायरलेस कम्युनिकेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि बाकी सभी सेट्स का इस्तेमाल ठीक तरह से किया जा रहा है, लेकिन एचएफ लॉन्ग डिस्टेंस सेट्स का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। एचएफ लॉन्ग डिस्टेंस सेट्स लंबी दूरी में संचार के लिए उपयोग होता है, मोबाइल आने के बाद इनका उपयोग कम होने लगा है, परंतु आपातकाल एवं आपदा की स्थिति में मोबाइल नेटवर्क बंद हो जाने पर इन सेट्स का उपयोग किया जाता है। इसी के दृष्टिगत डीजीपी ने वहीं से एडीजी दूरसंचार को निर्देशित किया कि तत्काल इस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए एवं प्रतिदिन इसका संचालन व टेस्टिंग की जाए।

**डीजीपी ने की साइबर क्राइम की विस्तृत समीक्षा :** डीजीपी सक्सेना साइबर सेल कक्ष पहुंचे। यहां उन्होंने हैड कॉन्स्टेबल के साथ बैठकर साइबर संबंधी शिकायतों के निराकारण से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी ली। साइबर क्राइम के निराकरण में आने वाली चुनौतियों और समस्याओं की जानकारी ली एवं उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साइबर क्राइम की चुनौतियों के दृष्टिगत, इनसे निपटने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। डीजीपी श्री सक्सेना ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमाफिया, शराब एवं अन्य माफियाओं के खिलाफ अधिक से अधिक कार्रवाई करें । इसके साथ ही उन्होंने एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही एवं जन जागरुकता अभियान चलाये जाने के लिए निर्देशित किया। डीजीपी श्री सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की भावना अनुसार राज्य में पुलिस द्वारा महिलाओं, बच्चों और समाज के कमजोर वर्ग के विरुद्ध अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इनकी शिकायतों का शीघ्रातिशीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने बेटियों-बहनों को बहलाने-फुसलाने या धर्मांतरण करवाने वालों पर कड़ी निगाह रखने और ऐसे तत्वों पर कड़ी और त्वरित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका त्वरित संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। वारंटों की तामीली बढ़ायें, जो वारंट माननीय न्यायालय से जारी होते हैं व थानों में जो वारंटों का रिकॉर्ड उपलब्ध है उसका मिलान करें।

## सम्पादकीय

# ईमानदारी का जीरो टालरेंस...!

भिंड के पंचायत सचिव के घर ईओडल्यूडी के अफसरों ने छापा मारा। इस दौरान ईओडल्यू अफसरों को एक करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली। आगर मालवा प्रभारी सीएमएचओ डॉ आरसी कुरील को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा, ये महोदय संविदा पर पदस्थ चिकित्सक से बीस हजार रुपए महीने की मांग भी कर रहे थे। एक राजस्व निरीक्षक तीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया, ये घटना पन्ना जिले की है। ये खबरें बताती हैं कि मध्यप्रदेश में रिश्वत का दौर किस कदर चल रहा है, पूरी तरह अराजक।

पहले हलकी नजर तीनों मामलों पर डालते हैं। भिंड के एंचाया पंचायत के सचिव रोशन सिंह गुर्जर के घर ईओडब्ल्यूडी की छापामार कार्रवाई की। उस पर मनरेगा व अन्य कामों में आर्थिक अनियमितता कर करोड़ों कमाने के आरोप थे। छापे के दौरान फिलहाल ग्वालियर में 60 लाख से अधिक कीमत का मकान और अन्य सामान सहित एक करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति बरामद हुई है, बाकी दस्तावेज देखकर पता चलेगा।

आज ही सुबह आगर मालवा प्रभारी सीएमएचओ डॉ आरसी कुरील को लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। ये महाशय जिला चिकित्सालय आगरा में पदस्थ संविदा चिकित्सक डॉक्टर भगवान दास राजोरिया से 20 हजार रुपए महीने की मांग कर रहे थे और रुपए नहीं देने पर हटाने की धमकी भी दे रहे थे। फिलहाल तो उन्हें 10 हजार रुपए देते हुए पकड़ लिया गया। बाकी जानकारी बाद में मिलेगी। और उनकी सम्पत्ति का ब्यौरा भी मांगा गया है।

अब मामला पन्ना जिला मुख्यालय का जहां, लोकायुक्त सागर की टीम ने राजस्व निरीक्षक केके शर्मा को 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। शिकायतकर्ता से जमीन के सीमांकन और कब्जा हटाने के लिए यह रिश्वत ली जा रही थी। पन्ना जिले की बृजपुर उप तहसील के अंतर्गत भसूड़ा ग्राम के निवासी रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी जियालाल यादव का कहना था कि बृजपुर तहसीदार ने उनके भाई चंद्रभूषण यादव की जमीन से अवैध कब्जा हटाए जाने के आदेश दिए थे। राजस्व निरीक्षक सर्कल बृजपुर कृष्ण कुमार शर्मा जमीन का सीमांकन नहीं कर रहे थे, जिससे जमीन से कब्जा नहीं हट पा रहा था। आरआई ने जमीन के सीमांकन व कब्जा हटवाने के एवज में 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। सो उसने लोकायुक्त टीम के सामने दे दी।

यहां तीन तरह के मामले सामने आए हैं। पंचायत सचिव एक करोड़ का स्वामी निकला, यह कोई नई बात नहीं है। मध्यप्रदेश में पंचायत सचिव और समिति प्रबंधक करोड़ों कमा ही लेते हैं। अब ऊपर कितना देते हैं, यह तय नहीं होता। लेकिन इनकी जो कमाइयां निकल कर सामने आती हैं, वो हमारी पंचायत प्रणाली से लेकर प्रशासन के हर हिस्से की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। दूसरा स्वास्थ्य विभाग का मामला है। वैसे केवल यहां ही नहीं, कई विभागों में संविदा पर तैनात कर्मचारियों से चौथ वसूली होती है। और निकायों में तो हाल ये है कि संविदा और दैनिक वेतन पर तैनाती का मिलाजुला खेल चलता है। करोड़ों रुपए सरकार के हर महीने फर्जी कर्मचारियों पर ही खर्च हो जाते हैं।

तीसरा मामला राजस्व विभाग का है। ये ऐसा विभाग है, जहां भ्रष्टाचार की कोई सीमा तय नहीं। मंत्री तक की कोई सुनवाई नहीं, यही पता नहीं चलता कि विभाग चला कौन रहा है। जमीनों से जुड़ा एक भी मामला ऐसा नहीं होता, जो बिना रिश्वत के हो जाए। एक बार तो मंत्री के फोन के बाद तहसीलदार साहब के दलाल ने फरियादी को फोन करके बाकायदा धमकी दी कि उसका प्रकरण निरस्त हो जाएगा, नेतागिरी मत करो। और मामला निरस्त हो गया। मंत्री ने प्रमुख सचिव राजस्व को कार्रवाई के निर्देश दिए, पर मंत्री का आदेश कचरे की टोकरी में चला गया। और एक पूर्व मंत्री का खास वह तहसीलदार राजस्व मंत्री के आदेश-निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए बाकायदा राजधानी में पोस्टिंग पाने में सफल हो गया। और यहां भी वही कर रहा है, जो करता है। कोई हाथ लगाकर तो देख ले।

पटवारी से लेकर हर स्तर पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लोक प्रशासन का इससे बेहतर प्रमाण कहां मिल सकता है। लोक सेवा केंद्र जाकर कोई देख तो ले, कैसे सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। तीन दिन से लेकर एक हफ्ते तक की निर्धारित अवधि वाले प्रमाण पत्र इस अवधि में कोई लेकर बता दे। साहब बैठेंगे तभी हस्ताक्षर होंगे और साहब के पास समय नहीं। काम बहुत है। पक्की खबर तो यह भी है कि तहसीलों में कर्मचारियों की संख्या कम होने के चलते कई अधिकारियों ने निजी कर्मचारी रख लिए हैं। अफसर कहते हैं कि बाबुओं का मुंह बहुत खुल गया है, यानि पैसे बहुत मांगते हैं और फिर काम भी बढ़ गया है, सो इनसे काम लेते हैं और पार्टी से वेतन निकलवा लेते हैं। जीरो टालरेंस की बात करते हैं, यहां हंड्रेड परसेंट से भी ज्यादा दिख रहा है। कुछ लोगों पर कार्रवाई हो जाती है, बाकी मौज कर रहे हैं। साइकिल वालों के पास पजैरो, स्कार्पियो, सफारी ऐसे ही थोड़े आ रही है। चने मांग कर खाने वाले काजू-बादाम का नाश्ता ऐसे ही नहीं कर रहे। धन्य है हमारा प्रदेश।

# पहली लाडली की आवाज कब सुनी जाएगी..?

**अरुण दीक्षित**

हालांकि उनके अपने ही उन्हें अस्थिर चित्त बता चुके हैं! उनका मजाक भी बहुत उड़ाया गया हैकोई उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेता हैलेकिन वे पिछले कुछ समय से बहुत ही गंभीर मुद्दे उठा रही हैं। पहले उन्होंने समाज के लिए सबसे घातक साबित हो रही शराब का मुद्दा उठाया था।अब वे शिक्षा और स्वास्थ्य की बात कर रही हैं।उन्हें लगता है कि इस सरकार के जो चार महीने बचे हैं उनमें बहुत कुछ किया जा सकता है। लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि उनकी सुनेगा कौन?

आप ठीक समझे हैं..मैं मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की ही बात कर रहा हूं। वही उमा भारती जो 2003 में प्रचंड बहुमत से बीजेपी को प्रदेश में सत्ता में लाई थीं। और 9 महीने में ही उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी थी।उसके बाद से अब तक वे राजनीति के वियाबान में भटक रही हैं।हालांकि उन्हें मोदी सरकार में जगह मिली थी। लेकिन वे कुछ खास नहीं कर पाईं।करीब 4 साल से वे बिल्कुल खाली हैं।

उमा भारती ने दो साल पहले प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठाया था। इसके लिए उन्होंने धरना दिया।प्रदर्शन किया।शराब की दुकान पर पत्थर भी फेंके! उनके लंबे आंदोलन के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनकी बात तो मानी लेकिन बस कहने भर को। पर वे उस पर भी खुश हो गईं थीं। लेकिन इस बार उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अतिगंभीर मुद्दों को उठाया है। उनका मानना है कि प्रदेश में स्थिति भयावह है। लेकिन वे यह भी कह रही हैं कि अगर सरकार चाहे तो अगले चार महीनों में भी बहुत कुछ किया जा सकता है। उमा पिछले दिनों बीमार पड़ी थीं। अस्पताल भी गई थीं। उसी अनुभव के आधार पर उन्होंने शिवराज सिंह को ट्वीट करके स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देने का अनुरोध किया है।



उमा ने लम्बा ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है - प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में भयावह अंतर ने मुझे बेचैन कर दिया है। जो हाल प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों के अंतर का है वही सरकारी और प्राइवेट स्कूलों का भी है। गरीब आदमी न प्राइवेट अस्पताल का बिल भर सकता है और न ही प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चों की फीस भर सकता है।

उमा का कहना है कि यह रहस्य की बात है कि गरीबों को यह पता ही नही है कि सरकारों की ओर से उन्हें कोई रियायत दी जा रही है।जबकि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके लिए बहुत सारी रियायतें दी हैं।

उमा ने अपने स्वभाव के विपरीत बहुत ही गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है - हमारी सभाओं पर तो करोड़ों खर्च हो रहे हैं। उधर सरकारी अस्पतालों के आईसीयू और बर्न यूनिट में एसी न होने से गरीब लोग,खासकर महिलाएं और बच्चे तड़प रहे हैं! यह असमानता हमारे लिए शर्मनाक है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने नेताओं और सरकारी अफसरों से यह अपील भी की है कि वे अपना इलाज सरकारी अस्पतालों में ही कराएं। हालांकि उमा को लगता है कि चुनाव के बाद सरकार तो बीजेपी की ही बनेगी और उसमें उनका पूरा सहयोग भी रहेगा। उनका यह भी मानना है कि अगले 4 महीनों में भी बहुत कुछ किया जा सकता है। लेकिन चुनाव के बाद पूरा प्रयास शिक्षा और स्वास्थ्य में अमीर और गरीब के बीच इस भयानक फर्क को दुरुस्त करने में ही लगाना होगा।

हालांकि शराब बंदी की उमा की मांग को शिवराज सिंह ने शराब की दुकानों के साथ चलाए जाने वाले अहातों को बंद करके टरका दिया था। फिर भी उनका कहना है कि 1980 में जैसा सुकून मुझे मेरी मां से मिला था वैसा ही सुकून नई आबकारी नीति बना कर बड़े भाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दिया है। हालांकि उन्होंने 1980 में मां के साथ के अनुभव की वजह का खुलासा नहीं किया है।

यह अलग बात है कि उमा की शराब बंदी की मांग के दौरान ही शिवराज सरकार ने देसी और विदेशी शराब की दुकानों पर दोनों तरह की शराब बेचने का फैसला करके दुकानें दुगुनी कर दी थीं। लेकिन उमा खुश तो बात खत्म!

उमा का दावा है कि शिवराज सिंह चौहान उनके बड़े भाई हैं। शिवराज सिंह चौहान ने भी 5 दिन पहले ही यह कहा था कि उमा भारती उनकी पहली लाडली बहना हैं। राज्य में महिलाओं को एक हजार महीना देने की अपनी घोषणा पर अमल के पहले शिवराज ने उमा के घर जाकर,उनके पांव छूकर आशीर्वाद लिया था।उमा ने भी उन पर फूल बरसा कर आशीर्वाद दिया था।

इन भाई बहन के आपसी प्यार की बात भी अक्सर होती रहती है।

वैसे अपने देश में भाई बहन की कई जोड़ियां मशहूर हुई हैं। जिनकी मिसाल दी जाती है। जैसे विष्णु और पार्वती की जोड़ी। कृष्ण और सुभद्रा की जोड़ी। उनका द्रोपदी से भी ऐसा ही रिश्ता था। बात रावण और सूर्पनखा की भी होती है। अपनी इसी बहन की नाक के लिए रावण राम से भिड़ा और अपना सर्वस्व उजड़वा बैठा।

हिरणाकश्यप और होलिका के चर्चे हर साल होली के मौके पर होते हैं। होलिका सब कुछ जानते हुए भी अपने भाई के कहने पर प्रह्लाद को लेकर आग में बैठ गई थी। वैसे देवकी और कंस भी भाई बहन ही थे।

ये उदाहरण पुराने हैं। लेकिन कलयुग की इस भाई बहन की जोड़ी की बात कुछ अलग ही है। भाई बहन के पांव छूकर आशीर्वाद तो लेता है लेकिन बहन की बात शायद नही सुनता। यही वजह है कि बहन को ट्वीट के जरिए अपनी बात कहनी पड़ती है। गंभीर मुद्दे बताने के लिए न वह भाई के पास जाती हैं और न भाई उनके पास आते हैं। दोनों के बीच बातें अक्सर पत्र और ट्वीट के जरिए ही होती हैं।

वैसे अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है। 17 ..18 साल पहले की ही तो बात है!कैसे छोटी बहन ने बड़े भाई के सिंहासन का रास्ता रोकने की कोशिश की थी। और बड़े भाई ने अपना राजपाट बचाने के लिए कैसे हथकंडे अपनाकर छोटी बहन को प्रदेश की राजनीति से ही बाहर खदेड़ दिया था।आज भी वह राजनीति के वियाबान में भटक रही हैं।

चूंकि मामला राजनीति का है,तो उसमें कुछ भी संभव है। अब भाई ने बहन को पहली लाडली बहना घोषित किया है उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उसकी चिंता दूर करने की सार्थक कोशिश भी वह करेगा?

पर कुछ भी हो अपना एमपी है तो गज्जब! भाई बहन की ऐसी जोड़ी और देखी है कहीं.

# सरकारी सर्वर की फुल प्रूफ सुरक्षा ज़रूरी

**राकेश दुबे**

यह अच्छी बात नहीं है,कोविड़ दुष्काल के बाद टीकाकरण के लिये बनाये गये सिस्टम 'कोविन' के डाटा में सेंधमारी और उसके बाद आरोप- प्रत्यारोप सनसनी फैला हुए है। चिंता की बड़ी बात यह है इसमें करोड़ों लोगों का निजी डाटा जमा है, जिसमें आम के साथ सुरक्षा की दृष्टि से तमाम खास लोग भी शामिल है। हालांकि, केंद्र सरकार ने तीव्रता से साफ किया कि कोविन का कोई डाटा चोरी नहीं हुआ। फिर भी इस मुद्दे पर विपक्ष ने केंद्र को निशाने पर ले रखा है। वैसे भारत की सरलता से टीकाकरण की व्यवस्था को अंजाम देने के लिये देश-विदेश में कोविन सिस्टम की सराहना की गई थी।ऐसे कई मामले हैं, गाहे-बगाहे ऐसी खबरें आती ही रहती हैं कि साइबर अपराधियों ने लोगों का निजी डाटा चुरा लिया है। दरअसल, ऑनलाइन सिस्टम से जितनी सुविधा हुई व समय की बचत हुई, उसकी सुरक्षा के लिये खतरा उतना ही ज्यादा बड़ा हो गया है।

निजी डाटा में सेंधमारी की चर्चा ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी क्योंकि आये दिन लोगों के साथ ऑनलाइन फ्राड के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। कोविन प्रकरण में ये बातें भी चर्चा में रही कि चुराये डाटा को बिक्री के लिये एक वेबसाइट पर रखा गया है। कहना कठिन है कि चोरी की घटना कितनी हकीकत है और कितना फसाना, मगर एक बार फिर से सरकार द्वारा नागरिकों से जुटाई गई संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा का प्रश्न सामने खड़ा हो गया। यदि सरकार के दावे को सही मान भी लिया जाये कि डाटा चोरी नहीं हुआ है तो भी जरूरी है कि सारे मामले की गहन जांच की जाये। कोशिश हो कि इस प्रकरण में गहराई तक जांच करके दोषियों को कानूनी शिकंजे में लाने के प्रयास किये जाएं। दुनिया जानती है कि भारत एक बड़ा उभरता उपभोक्ता बाजार है और विश्व की तमाम कंपनियां अपने कारोबार को भारत में फैलाना चाहती हैं। यदि कोई डाटा चोरी होता है तो ये कंपनियां अपने कारोबार बढ़ाने के लिये चोरी का डाटा खरीदने को उत्साहित हो सकती हैं।



वास्तविकता कुछ भी हो सरकार को सरकारी सर्वर की सुरक्षा फुलप्रूफ करने की जरूरत है। जिसमें ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि खुद के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति इस निजी डाटा को न देख सके। इसमें ओटीपी व्यवस्था के साथ ही अन्य सुरक्षा उपायों को शामिल करना चाहिए। कोशिश तो यह होनी चाहिए कि यदि किसी कल्याणकारी योजना के लिये सरकार भी किसी व्यक्ति के निजी डाटा का उपयोग करे तो उसकी जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए।

जहां तक कोविन प्रकरण की बात है तो सरकार को ईमानदारी से लोगों को बताना चाहिए की वास्तविक स्थिति क्या है। साथ ही समय-समय पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करके बचाव के नये मानकों को उपयोग में लाया जाना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया में कई सरकारों के संरक्षण में हैकिंग का काम किया जा रहा है। जिस तेजी से टेक्नालॉजी बदल रही है सुरक्षा उपायों में उसी तेजी से बदलाव करके चौकस व्यवस्था को अपनाया जाना चाहिए। यह भी स्पष्ट है कि डाटा चोरी के नियमन के लिये देश में पर्याप्त कानून की जरूरत महसूस की जा रही है। कोशिश हो कि हैकरों पर नकेल कसने के लिये चाक-चौबंद कानून बनाये जाएं व तकनीकी उपायों की समय-समय पर समीक्षा भी की जाये। ताकि हैकरों को स्वच्छंद विचरण करने से रोका जा सके।

इस घटना को हमें एक वेक-अप कॉल की तरह देखना चाहिए और सुरक्षा उपायों को मजबूत करना चाहिए। ताकि लोगों का भरोसा बना रहे कि सरकार के हाथों में उसकी निजी जानकारी सुरक्षित है। केंद्र व राज्यों की नोडल साइबर सुरक्षा एजेंसियों के बेहतर तालमेल से काम करने से हैकिंग की समस्या पर किसी सीमा तक नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। लगता है कि हमने पिछले दिनों एम्स व अन्य संस्थानों पर हुए साइबर हमलों से कोई सबक नहीं लिया। तब कहा गया था कि विभिन्न संगठनों के नेटवर्क विभाजन को सुनिश्चित करना चाहिए। जिससे साइबर सुरक्षा उपायों में सुधार करने व कमजोरियों को दूर करने में मदद मिल सकेगी। साथ ही जरूरी है कि इससे जुड़े सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए।

# ट्रांसफर यानी एक आत्मा का दूसरे शरीर में प्रवेश

**आनंद कुमार शर्मा**

आम चुनावों की आहट के साथ ही निष्पक्ष निर्वाचन के मापदंडों के चलते शासकीय सेवकों के स्थानांतरण की श्रृंखला आरम्भ हो गई है ।हालाँकि यह भी सही है कि आदमी जिस दिन से सरकारी होता है उसी दिन से उसके जीवन में स्थानांतरण का ग्रह प्रविष्ट हो जाता है । नौकरी में रहते हुए इस ग्रह का प्रभाव समय समय पर उसके ऊपर अच्छे या बुरे अनुभव के साथ पड़ता रहता है । यद्यपि कई जीवट जीव ऐसे भी रहते हैं जिन्हें पता रहता है कि वे कहाँ जा रहे हैं , पर अधिकांश बंदे ऐसे होते हैं जिनका जब ट्रांसफर होता है तो उन्हें छोड़ कर बाक़ी सबको पता होता है कि वो जा रहा है । एक और दिलचस्प पहलू ये है कि जैसे ही अफ़सर का ट्रांसफर होता है , उसके सारे छुपे गुण सामने आ जाते हैं । लोग बातें करते हैं कि अरे इस मामले में बड़ा अच्छा था और उस मामले में बड़ा बढ़िया था, नाराज जरूर होता था पर नुकसान नहीं करता था , न जाने नया आने वाला कैसा हो ? ये जैसा भी था पर ऐसा तो नहीं था ..आदि आदि ।लेकिन जैसे ही नया अफ़सर कुर्सी नशीन होता है , नए के गुण और पुराने के अवगुण तुरंत खुल जाते हैं । अरे भाई ये तो बड़ा तेज़ है , पुराने को तो ये आता ही नहीं था और कैसा बौड़म था भाई देखो इसने तो कसावट ला दी ज्आदि आदि । अक्सर नया आने वाला अफसर सोचता है कि पुराना सब कुछ अव्यवस्थित था और उसे ही सब ठीक करना होगा । आख़िरी बात यह कि ट्रांसफर होता सबका है , पर सब सोचते हैं कि दूसरे का ही होगा अपना नहीं ।

पिछले दिनों एक पुराने मित्र भी मिल गए जो अभी कुछ महीने पहले ही कलेक्टरी से हटे थे , बात चली तो मैंने पूछा आपका ट्रांसफर तो बड़ी जल्दी हो गया क्या कारण था ? वो बोले सर बस तभी से मै भी सोच रहा हूँ , पर समझ नहीं आ रहा है । तभी पास में खड़े एक तीसरे सज्जन ने कहा भाई मेरे इतने दिन ये सोचने में लगाने के कि हटे कैसे ये सोचा होता कि अब फिर कैसे बनें तो बेहतर होता , और हम सब ठहाका मार कर हंस पड़े । ट्रांसफ़र का एक नियम और है कि ये जैसे ही होता है , अफ़सर को लगता है जैसे एक जन्म पूरा हुआ और अब नए सिरे से ज़िंदगी शुरू होगी । स्थानांतरण की इस प्रक्रिया यह ऐसी विचित्र अवस्था भी होती है जब अफ़सर रिलीव तो हो गया हो पर नयी पोस्टिंग पर ज्वाइन न हुआ हो । जैसे प्राणी की आत्मा पुराना शरीर तो छोड़ चुकी है पर अभी नया मिला नहीं है । कई बार मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ । राजगढ़ से हटने के बाद जब एक विवाह समारोह में शिरकत करने भोपाल आया , होटल पहुचने पर रिसेप्शन पर बैठे बन्दे ने कमरा तो दे दिया , पर कहने लगा सर आई.डी. दे दें । मैं सोचने लगा इसे क्या कहूँ आई.डी. पर लिखा है कलेक्टर राजगढ़ जो अब मैं हूँ नहीं , जो बनने वाला हूँ वो तब तक नहीं हो सकता जब तक ज्वाइन न कर लूँ । मैंने उसे पुराना आई.डी. कार्ड दिया और बताया भाई अभी मैं एक आत्मा हूँ, नया शरीर मिलना बाकी है ।

**स्थानांतरण के प्रसंग की एक शेर के साथ समाप्ति**

**कल तक रुके थे आज यहाँ , फिर सफर में हैं**
**खानाबदोश जिंदगी में ठौर हैं कई ।**
**तुम चल सको तो साथ मेरे चलो हमनशीं ,**
**फ़िक्रे जहाँ में मुश्किलों के दौर हैं कई ।**

# गदा उठाकर गलती कर रही है कांग्रेस

**राकेश अचल**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव जीत कर कांग्रेस जोश में है और इसी जोश में कांग्रेस ने होश गंवा कर मप्र विधानसभा चुनाव में बजरंगबली का गदा उठाकर एक बड़ी ग़लती कर दी है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की जबलपुर यात्रा के दौरान सभा स्थल पर गदा का इस्तेमाल कर मप्र में उसी बजरंगी राजनीति को सींचने की गलती कर दी है जो कर्नाटक में भाजपा कर चुकी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बजरंगबली और गदा को लेकर जमकर सियासत हुई थी।

मप्र में बजरंगबली कर्नाटक के मुकाबले ज्यादा असरदार है। यहां भाजपा और कांग्रेस में बजरंगबली के भक्तों की कोई कमी नहीं है। कांग्रेस मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को हनुमान भक्त के रूप में प्रचारित कर रही है। वहीं, कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मप्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस कमलनाथ को हनुमान भक्त और पार्टी के सॉफ्ट हिंदुत्व के एजेंडा को आगे बढ़ाने की कोशिश में है।

कांग्रेस भूल जाती है कि उसकी पहचान एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रीय दल के रूप में है। बजरंगबली या कोई देवी- देवता कभी उसका आधार नहीं रहे। मप्र में भी कांग्रेस को इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। सत्ता प्रतिष्ठान के प्रति मप्र में पहले से इतना असंतोष है कि यदि कांग्रेस उसे ही भुना ले तो उसकी सत्ता में वापसी आसान हो सकती है।

प्रियंका गांधी मप्र में उसी तरह नहीं चलने वालीं जैसे 2018 के विधानसभा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नहीं चले थे। मप्र में प्रियंका गांधी भीड़ जुटाने क मशीन के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है। लेकिन वे पासा पलट नेता नहीं बन सकतीं।वे कांग्रेस के दूसरे नेताओं को मुकाबले ज्यादा आक्रामक हैं, कांग्रेस को बजरंगबली को गदे की वजाय इसी आक्रामकता क इस्तेमाल करना चाहिए।



प्रियंका ने जबलपुर में सटीक निशानेबाजी की।उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'पीएम मोदी को दी गई गालियों से लंबी तो एमपी बीजेपी सरकार के घोटालों की लिस्ट है । तकरीबन हर महीने एक घोटाला हो ही रहा है।' कर्नाटक चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कांग्रेस नेता उन्हें गालियां दे रहे हैं. अपशब्द गिनाते हुए उन्होंने कहा था कि अब कांग्रेसी उन्हें 91 बार गालियां दे चुके हैं।

मप्र विधानसभा इस बार महाराज बनाम शिवराज नहीं है ।इस बार का चुनाव कमलनाथ बनाम शिवराज + महाराज है । यानि कांग्रेस को शिवराज के कुशासन और ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत का लाभ उठाना है। कांग्रेस ये भी भूल रही है कि मप्र कांग्रेस के पास कर्नाटक की तरह न डीके शिवकुमार हैं और न सिद्धारमैया जैसा कोई खांटी। नेता। भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को बंटाधार के नाम से खलनायक बना चुकी है और कमलनाथ अपने अक्खड़पन की वजह से न सिर्फ बदनाम हैं बल्कि कांग्रेस की अच्छी खासी चलती हुई सरकार गंवा चुके हैं।हिकमत अमली के मामले में तो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल कमलनाथ से इक्कीस साबित हो चुके हैं।

मप्र में कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता और अपने कर्नाटक के पांच सूत्री कार्यक्रम के जरिए अच्छा प्रतिसाद हासिल कर सकती है । कर्नाटक में कांग्रेस के कार्यक्रम ने जादुई काम किया। बजरंगबली ने नहीं। कांग्रेस यदि अपने चुनाव प्रचार में प्रियंका और राहुल की जोड़ी का इस्तेमाल करने के साथ ही यदि जनता को 1500 प्रति माह महिला को अनुदान .गैस सिलेंडर 500 का,100 यूनिट बिल माफ, 200 का बिल हाफ ,सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने के साथ ही किसान कर्ज माफी का भरोसा दिला सके तो चुनाव परिदृश्य बदल सकता है।

कांग्रेस के लिए मप्र में भाजपा की 'बी' टीम परेशानी का सबब बन सकती है। मप्र में हालांकि बीते छह दशक से कांग्रेस और जनसंघ/ भाजपा में ही मुकाबले होते आए हैं।सपा, बसपा की उपस्थिति नगण्य रही है। यानी तीसरे दल केवल बिकाऊ विधायक ही दे सके।आप की भी यही स्थिति रहने वाली है।

मप्र का मौजूदा परिदृश्य संकेत दे रहा है कि कांग्रेस और भाजपा में से कोई भी 150 का आंकड़ा नहीं छू सकता। दोनों दलों के सभी दिग्गज दस सिर वाले होकर भी ये करिश्मा नहीं कर सकते। परिदृश्य कार्यकर्ता ही बदलेंगे, बजरंगबली के गदे से ये काम नहीं हो सकता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## सराहनीय आदेश : जुआ,सट्टा और स्मैक की सूचना पर 1 हजार का इनाम

शिवपुरी - पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया ने जुआ सट्टा और स्मैक माफियाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक आदेश जारी किया है। जिसके तहत जिले में कहीं भी स्मैक,जुआ व सट्टा की सटीक सूचना देने और पकड़वाने पर पुलिस अधीक्षक की ओर से 1 हजार रूपए का इनाम दिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी पत्र में बताया गया है कि शिवपुरी जिले में अवैध जुआ सट्टा संचालन एवं अवैध मादक पदार्थ स्मैक आदि के विक्रय के स्थान,व्यक्तियों के नाम पते आदि की सूचना पुलिस को देगा व उक्त अवैध कार्यवाही को संचालित करने वाले व्यक्तियों को पकड़वाने उक्त सूचना सत्य पाए जाने जाने पर सूचना देने बाले ?व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी की ओर से 1 हजार रूपए का नगद पुरूस्कार दिया जाएगा। उक्त सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## क्रेन के नीचे दबकर इंजीनियर की मौत,चार घायल

शिवपुरी- जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के पावर हाउस के पास पी टी आर बदलते समय क्रेन पलट जाने से जेई की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार कोलारस ग्रामीण इलाके का पी टी आर फुंक गया था जिसे बदलने के लिए क्रेन की मदद से उठाने के लिए ग्रामीण जेई नरोत्तम जाटव अपनी टीम के साथ पावर हाउस पहुंचे थे। तभी क्रेन की मदद से पी टी आर को उठा लिया। इसी दौरान क्रेन से पी टी आर छूट गया और वह वहा खड़े जेई नरोत्तम जाटव के ऊपर गिर गया। जिससे जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उनके चार साथी और एई आशुतोष कुमार घायल हो गए है। जिन्हे उपचार के लिए कोलारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में केरियल मेला आयोजित किया गया

ओबेदुल्लागंज के ग्लोबल स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में कक्षा 9वीं से 10वीं के 150 छात्रों के लिए कैरियर मेला आयोजित किया गया। इस मेले में प्रतिष्ठित कैरियर संबंधित व्यक्तित्व डॉ विवेक कुमार ,प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शोधकर्ता , जो वर्तमान में जर्मनी में संघीय सशस्त्र बल विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।

श्री मनीष काने ,प्रोजेक्ट इंजीनियर ,फार्मास्युटिकल और केमिकल उद्योग उपकरणों के विशेषज्ञ , श्री पुष्पराज सिंह राजावत, एन आई एच ए एन एस द्वारा मान्यता प्राप्त मनोवैज्ञानिक परामर्श विशेषज्ञों ने छात्रों से चर्चा की और करियर को चुन 'भविष्य और व्यक्तित्व का निर्माण कैसे करे' विषयों पर प्रकाश डाला । यह अवसर छात्रों के लिए अति उत्साह भरा था जब उन्होंने कॉलेज विद्यार्थियों से संवाद किया और जाना की उन्होंने कैसे विषयो को चुना और क्या उनकी भविष्य की योजनाए है। सेंस्ड संस्था सेक्रेटरी डॉक्टर सोनल मेहता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की । यह कैरियर मेला छात्रों के लिए एक अद्वितीय और शिक्षाप्रद अनुभव रहा ।

## सावन के प्रत्येक सोमवार को निकलेगी निः शुल्क महाकालेश्वर यात्रा

रतलाम। रतलाम जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश प्रभु राठौड़ परिवार द्वारा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को शहरवासियों के लिए महाकालेश्वर यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पूरी तरह से निशुल्क रहेगी। बाबा महाकाल की प्रेरणा से यात्रा का उद्देश्य मानव कल्याण, कोरोना काल में दिवंगत हुए लोगों की आत्म शांति, देश-प्रदेश में अमन चैन, जिले में अच्छी बारिश हो ताकि किसानों की अच्छी फसल हो साथ ही युवाओं को रोजगार मिले इस उद्देश्य के साथ यह यात्रा निकाली जा रही है। प्रथम यात्रा सावन के पहले सोमवार 3 जुलाई गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होगी। उक्त जानकारी रतलाम जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश प्रभु राठौड़ ने गुरुवार को यात्रा पंजीयन कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। इस दौरान यात्रा पंजीयन फार्म का विमोचन भी किया गया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा सर्वधर्म समाज के लिए निकाली जा रही है। यात्रा के पूर्व पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिनका पंजीयन पहले होगा उन्हें यात्रा में पहले लाभ मिलेगा। महाकालेश्वर यात्रा का पंजीयन शास्त्री नगर मुख्य रोड स्थित कार्यालय पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपराह्नंत 4 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 20 जून से शहर के प्रत्येक वार्ड में पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए वार्डो में वार्ड प्रभारी एवं उपझोन प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। प्रत्येक वार्ड के मंदिर में पंजीयन किया जाएगा।

## 20 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन, विधायक ने रखी आधारशिला

छतरपुर। शहर में स्थित हनुमान टोरिया के पीछे प्रख्यात लोक गायक स्व. देशराज पटेरिया के घर के पास सामुदायिक भवन बनाए जाने के लिए विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया। यह भवन 20 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि इस भवन के निर्माण से ब्राम्हण समाज के सामाजिक कार्यो में सुविधा मिलेगी। जानकारी के मुताबिक हनुमान टोरिया के पीछे 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाए जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। गुरुवार शाम क्षेत्रीय विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन ने भवन बनाने के लिए आधारशिला रखी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि भवन के तैयार होने से इसका लाभ लोगों को मिलेगा। यहां के रहवासी काफी समय से सामुदायिक भवन बनाने की मांग विधायक से कर रहे थे विधायक ने लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए भवन बनाने हेतु भूमि पूजन किया उन्हों ने उम्मीद जताई कि जल्द से जल्द भवन तैयार होगा इस मौके पर डॉ के के चतुर्वेदी नितिन मिश्रा, नीरज भार्गव, गोविंद तिवारी, विनय पटेरिया, चंद्रभान रावत, जगन्नाथ मिश्रा, मनोज द्विवेदी, सोनू अर्जेरिया, नितिन मिश्रा, अंकित माफीदार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस हनुमान भक्त कैसे हो सकती है : मुरलीधर राव

### प्रदेश प्रभारी ने दमोह की पत्रकार वार्ता में कहा- भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वही करती भी है




दमोह आज चुनाव आया तो इन्हें भगवान याद आने लगे हैं। कांग्रेस के लोग अब हनुमान जी की भक्ति करने लगे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाया था और उन्हें काल्पनिक बताया था। अब इन्हें हनुमान जी याद आ रहे हैं, नर्मदा मैया याद आ रही हैं। भाजपा की कथनी और करनी में फर्क नहीं है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वही किया भी है। इस बार चुनाव में हम 200 पार का लक्ष्य हासिल करेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव ने दमोह के क्लब हाउस में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

**मोदी जी का हर पल देश को महाशक्ति बनाने को समर्पितः** प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना हर पल देश को महाशक्ति बनाने के लिए समर्पित कर दिया है। आज पूरी दुनिया कह रही है कि 21 वीं सदी भारत की सदी है। पहले बिचौलिए लाभार्थियों का पैसा खा जाते थे और योजनाओं का पूरा पैसा उनके पास तक नहीं पहुंचता था। आज बिचौलिया संस्कृति को खत्म कर दिया गया है। देश की सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित हुई हैं और आतंकवाद पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की जाती है। देश में नक्सलवाद और अलगाववाद की समस्या पर नकेल कसी गई है।

**मोदी सरकार ने असंभव को संभव कर दिखायाः** मुरलीधर राव ने कहा कि बीते 9 सालों में भारत ने गुलामी की बेड़ियाँ तोड़ी हैं। धारा 370 धाराशायी हो चुकी है और ट्रिपल तलाक की कुप्रथा खत्म हो चुकी है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण होना एक समय पर असंभव लगता था, लेकिन अब भव्य मंदिर का निर्माण भी तेज गति से चल रहा है। काशी में विश्वनाथ कोरिडोर बना, उज्जैन में बाबा महाकाल लोक का निर्माण हुआ। विश्व योग दिवस को सारी दुनिया में मनाया जाता है। जिससे स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति को संपूर्ण विश्व में स्वीकार किया जा रहा है। ये ऐसे काम हैं, जो केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही संभव हो सकते हैं।

**गरीबों, वंचितों की सेवा करने वाला देश बना भारतः** श्री राव ने कहा कि बीते 9 वर्षों में देश में लगभग 48 करोड़ लोगों के जन-धन एकाउंट खोले गए। उज्जवला योजना के तहत साढ़े 9 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गये। देश में लगभग साढ़े तीन करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई। 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। 10 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है और लगभग साढ़े 12 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ से अधिक आवास निर्मित हुए हैं। देश में लगभग 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में भारत गरीबों एवं वंचितों की सेवा करने वाला देश बना है, नारी शक्ति को संबल देने वाला देश बना है, युवाओं के सपनों को पूरा करने वाला देश बना है, किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने वाला देश बना है, सबके लिए सहज उत्तम सेवाओं वाला भारत बना है तथा निरंतर विकास करने वाला देश बना है। आज का भारत विरासत के साथ विकास करने वाला भारत है।

**लव जिहाद लेंड जिहाद आंतरिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न करने बाला विषय मुरलीधर रावः** लव जिहाद हो लैंड जिहाद हो जिहाद को टक्कर देने की ताकत अगर किसी मै है तो वह है भाजपा में जिहाद आंतरिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न करने बाला है इस विषय पर कानूनी ढंग से और नियंत्रण करते हुए ताकत के साथ निपटाने की क्षमता अगर किसी में है तो स्पष्टता भाजपा मैं है

**भाजपा का मतलब मध्यप्रदेश और दमोह का विकासः** श्री राव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की आने के बाद से ही सिंचाई का रकबा बढ़ा। बिजली की समस्या मध्यप्रदेश में समाप्त हुई। पीने के पानी की समस्या मध्यप्रदेश में समाप्त हुई। आज हमारे मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी है। हमने लगातार गरीब कल्याण की दिशा में काम किया है। संबल योजना, लाडली बहना योजना ,लाडली लक्ष्मी योजना जैसी योजनाएं मध्यप्रदेश में हमारी सरकार ने प्रारंभ की। कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह में गरीबों को मदद मिली। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। दमोह लोकसभा क्षेत्र की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास बने, आयुष्मान कार्ड बने, साथ ही साथ पासपोर्ट सेवा केंद्र दमोह में स्थापित हुआ। दमोह रेलवे स्टेशन का भी विकास हो रहा है। केंद्रीय विद्यालय तथा नई ट्रेनों की सुविधा भी दमोह में उपलब्ध हो रही है। यहां की पेयजल व्यवस्था भी पहले से सुदृढ़ हुई है।

**राहुल, प्रियंका बताएं कितनी बार मध्यप्रदेश आए?:** श्री राव ने कहा कि कॉग्रेस केवल एक फेक न्यूज की फैक्ट्री है। झूठ बोलती है, गुमराह करती है और केवल और केवल फेक न्यूज़ परोसती है। उनके नेता टूरिस्ट की तरह आते हैं और चले जाते हैं। वे मौसमी पक्षियों की तरह आते हैं। श्री राव ने कहा कि मैं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कमलनाथ से यह पूछना चाहता हूं कि राहुल गांधी जी मध्यप्रदेश में कितनी बार प्रवास पर आए? प्रियंका जी कितने बार प्रवास पर आई? कमलनाथ जी मध्यप्रदेश के कितने जिलों में प्रवास पर गए? दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार जनता के बीच में काम कर रहे हैं और जनता के बीच में प्रवास करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी मध्यप्रदेश आ रहे हैं तथा वे लगातार देश के अन्य राज्यों में भी प्रवास पर जाते हैं।

**विशिष्ट जनों, योजनाओं के लाभार्थियों से करेंगे संपर्कः** मुरलीधर राव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार का 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसम्पर्क अभियान चला रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के एक हजार से अधिक विशिष्ट परिवारों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क के लिए पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे। इसके साथ ही लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर अलग- अलग कार्यक्रम भी होंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत मलैया, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता यादव, जिला प्रभारी सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पीएल तंतुवाय, पूर्व विधायक भानु राणा, लखन पटेल, राजेन्द्र गुरु, आशीष तिवारी, राघवेंद्र सिंह, महेंद्र जैन उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष सोमानी के जन्मदिन पर नगर को भेंट किया गया वैकुंठ रथ

### युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर




धार । श्री सहयोग सेवा संस्था के अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी के जन्मदिन पर बदनावर नगर को वैकुंठ रथ नगर को समर्पित किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री अरविन्द भदौरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव यादव, विधायक नीना वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,दिलीप पटोंदिया,विश्वास पांडे, जगदीश जाट , विपिन राठौर,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सहित अनेक जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

बदनावर लक्ष्मी गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री महेंद्र सिंह पिपलीपाडा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ प्रहलाद सिंह सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जहांगीर लाला, नगर भाजपा अध्यक्ष अक्षय शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायणसिंह देवड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वरलाल पाटीदार आदि अतिथि रूप में मंचासीन थे।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दत्तीगांव ने कहा कि सोमानी ने हमेशा नर सेवा-नारायण सेवा के भाव को लेकर काम किया। वीर डेवलपर्स द्वारा आज जन्मदिन पर नगर को वैकुंठ रथ ( शव वाहन ) भेंट किया गया। यह अनुकरणीय व सराहनीय पहल है। इस वाहन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि सोमानी आज जिस मुकाम पर है इसके पीछे सिर्फ इनकी मेहनत व लगन है। जिसकी बदौलत आज वे आगे बढ़े है। अन्य अतिथियो ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित कर सोमानी को जन्मदिन की बधाई दी।

इस मौके पर अतिथियो ने रथ की पूजाकर नगर को समर्पित किया। यह रथ नगर में निशुल्क संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सुजीत धोड़पकर ने किया। इस मौके पर बडी संख्या में गणमान्यजन मौजूद थे। इसके पहले सोमानी ने गौशाला में पहुंचकर गायों की पूजाकर हरा चारा खिलाया। इसके पहले वे कृषि उपज मंडी पहुँचे। जहां मंडी व्यापारियों, हम्माल व तुलावटी संघ द्वारा धुमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर व्यापारियों ने दत्तीगांव व सोमानी का साफा बांधकर स्वागत किया। इस दौरान सोमानी को केले से भी तोला गया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी के जन्मदिवस पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सुर्या के नेतृत्व में युवा मोर्चा धार नगर द्वारा भोज चिकित्सालय में रक्तदान का शिविर लगा कर 46 यूनिट का रक्तदान किया।

इस मौके पर निलेश भारती, जयसुर्या, दीपक फेमस, विपिन राठौर,अंकित भावसार , कपिल यादव,गौरव रघुवंशी जसप्रीत डंग, नवदीप सिंह चौहान,लक्की सिसोदिया ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बादल मालवीय, करण पटेल सहित युवा मोर्चा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जन प्रतिनिधियों ने किया तथ्य से सत्य तक समाचार पत्र का विमोचन , हुआ भव्य आयोजन




बरेली। नगर की शैक्षणिक संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के सभागार में समारोह पूर्वक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विधि विधान से तथ्य से सत्य तक समाचार पत्र का विमोचन किया गया। विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि पत्रकारिता और कविताएं एक दूसरे की पूरक हैं, देश की आजादी में पत्रकारिता का विशेष महत्व रहा है।

विमोचन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र शिवाजी पटेल, समाजसेवी गिरीश पालीवाल, जनपद अध्यक्षा श्रीमति प्रभा बृजगोपाल पटेल, जनपद उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. जय प्रकाश पालीवाल द्वारा तथ्य से सत्य तक समाचार पत्र के संपादक मुकेश प्रजापति द्वारा की जाने वाली सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना करते हुए बधाई दी गई और देश में पत्रकारों की भूमिका पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। तथ्य से सत्य तक समाचार पत्र के विमोचन कार्यक्रम में सर्व प्रथम आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलित कर विद्या की देवी सरस्वती जी की पूजा-अर्चना की गई तदोपरांत समाचार पत्र के प्रधान संपादक मुकेश प्रजापति सहित उपस्थित पत्रकारगणों द्वारा आमंत्रित अतिथि विधायक देवेन्द्र सिंह पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमति प्रभा बृजगोपाल पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी गिरीश वालीवाल, भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर, डॉ. जय प्रकाश पालीवाल, डॉ. ज्योति सिंह, डा. राधेश्याम धाकड़, गुरूकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी, डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सर्वेश्वर पाठक, नर्बदा वैली स्कूल के संचालक हरेन्द्र रघुवंशी एवं अभियान नरेन्द्र पटेल का पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।

**अतिथि और पत्रकारों का किया सम्मान -**

पाक्षिक तथ्य से सत्य तक समाचार के विमोचन अवसर पर संपादक मुकेश प्रजापति द्वारा आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा आमंत्रित अतिथियों ने भी उपस्थित पत्रकारों को कलम-डायरी भेंट कर सम्मानित किया। तथ्य से सत्य तक समाचार पत्र के विमोचन कार्यक्रम में पत्रकार राकेश दुबे, छोटू पंडित, रोहित चौधरी, बृजेश ठाकुर मनकापुर, जसवंत साहू सिलवानी, उवेश खान सिलवानी, नमन सिलावट, रूपसिंह शिल्पी, महेन्द्र कुशवाहा, निगार खान, पूनम अग्रवाल, हरेन्द्र रघुवंशी, रणधीर धाकड़, रूपेश मेहरा, जसवंत सराठे आदि की विशेष उपस्थिति रही। तथ्य से सत्य तक समाचार पत्र के विमोचन कार्यक्रम का सफल संचालन कवि प्रेम नारायण साहू द्वारा किया गया एवं अंत में संपादक मुकेश प्रजापति ने कार्यक्रम में आए। समस्त लोगों का आभार व्यक्त करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे माता पिता गुरुजनों व ईश्वर के आशीर्वाद से ÷तथ्य से सत्य तक÷ समाचार पत्र के माध्यम से मुझे देश सेवा करने का मौका मिला है जो मेरे लिए सौभाग्य का विषय है, मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ जनता-जनार्दन की समस्याओं को अपने अखबार के माध्यम से शासन प्रशासन तक पहुंचा कर उन समस्याओं के निदान का पूरा प्रयास करूंगा 7

## सीएम स्वेच्छा अनुदान 11 लाभार्थियों को 6 .55 लाख की सहायता स्वीकृत

छतरपुर। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 11 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 6 .55 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। लाभार्थियों में श्रीमती पार्वती अहिरवार पति कालू निवासी केवलाई को 80 हजार, गुजराज राजपूत पिता मुल्लू निवासी ग्राम थानेपुखरा हनुखेड़ा को 45 हजार, जगपाल यादव पिता विश्राम निवासी रामपुर को 30 हजार, रामसिंह पिता धनप्रसाद निवासी सलैया को 25 हजार, श्रीमती रफत खान पति शेख सगीर निवासी नारायण बाग को 30 हजार, बरजोर सिंह पिता कन्हैयालाल निवासी गोराबंधा को 60 हजार, साबिर अली पिता साहिब निवासी भगवा को 50 हजार, अनिल प्रकाश शुक्ला पिता बंशीधरा ग्राम हतना को 25 हजार, बैजनाथ प्रजापति पिता पछुआ निवासी आमखेड़ा बमनोराकला को 50 हजार, कुलेश रैकवार पिता रघुवा निवासी भियाताल को 60 हजार और युवराज प्रताप सिंह पिता रविराजा निवासी भगवा को 2 लाख रुपये की राशि दी गई है।

# देश की तरक्की और खुशहाली में हर वर्ग अपना योगदान दे: केन्द्रीय मंत्री सोमप्रकाश

### महासंपर्क अभियान में प्रबुद्धजन एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन




रतलाम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षो के कार्यकाल के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के चौतरफा कार्य हुए हैं। आजादी के अमृत काल में देश तेज गति से तरक्की के पथ पर अग्रसर हुआ है। हर वर्ग को अपने देश को विकसित, समृद्धशाली और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देना है। प्रबुद्धजन एवं व्यापारी वर्ग की देश की उन्नति में महती भूमिका है। मोदी जी के नेतृत्व देश, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इसे आगामी 2 वर्षो में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है।

यह बात केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोमप्रकाश (पूर्व आई.ए.एस.) ने महासंपर्क अभियान में आयोजित प्रबुद्धजन एवं व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। जेएमडी पैलेस में आयोजित इस सम्मेलन के दौरान सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, लोकसेवा प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा एवं अभियान के जिला संयोजक प्रवीण सोनी मंचासीन रहे। केन्द्रीय मंत्री सोमप्रकाश ने केन्द्र सरकार के 9 वर्षो की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनकम टैक्स और जीएसटी में काफी बदलाव किए गए है। इस्पेक्टर राज खत्म हुआ है। लॉजिस्टिक पॉलिसी बनी है जिससे उद्योग एवं व्यापार व्यवसाय को गति मिली है। प्रधानमंत्री की गति शक्ति योजना भी क्रांतिकारी साबित हो रही है। देश की इस तरक्की और खुशहाली में सबका योगदान है। हर वर्ग अपना कार्य ईमानदारी से करता रहे, जिससे भारत पुनः विश्व गुरू बन सके। सांसद श्री डामोर ने इससे पूर्व कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में 9 सालो के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का इतिहास लिखा गया है। हमें देश की संस्कृति और इतिहास को मजबूत करने में अहम योगदान देना है। श्री डामोर ने प्रबुद्धजन एवं व्यापारी वर्ग से भाजपा का एम्बेसेडर बनकर सरकार के कार्यो को जन-जन तक आह्वान किया। जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि मोदी जी ने हर क्षेत्र में भारत के वर्चस्व को स्थापित किया है। उनके तप, त्याग और तपस्या के कारण ही दुनिया में भारत प्रतिष्ठित हो गया है। देशवासी होने के नाते सबका फर्ज है कि वे राष्ट्र सेवा के इस कार्य में अपना - अपना योगदान दे। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि मोदी जी के कार्यकाल में देश ने कई उपलब्धियां हासिल की है, जिससे हमारा गौरव बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र को नई दिशा देने का कार्य किया है। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में बहुत काम किए गए है जिससे देश ने करवट बदली है। अंत्योदय के मिशन ने समाज जीवन को बदलकर रख दिया है।


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल

क्र./था.प्र./तलै./भो./डी. 338/23 जिला भोपाल
मर्ग क्रं. 22/23 धारा 174 जा.फौ दिनांक 08.06.2023

### जाहिर सूचना



केफियत मामला इस प्रकार है कि हमीदिया अस्पताल से डॉ. सी.पी. घोषी टेलीफोन अटेन्डर नरेश मालवीय ने सूचना दिया कि पेशेन्ट अज्ञात महिला उम्र करीब 30 वर्ष निवासी अज्ञात धोबीघाट नाला तलैया भोपला से 108 एम्बुलेंस अशोक राजपूत ने पेशेन्ट को दिनांक 03.06.2023 को रात्रि 03.46 बजे बेहोशी की हालत में भर्ती किया था जो दौराने ईलाज दिनांक 06.06.2023 को प्रातः 06.05 बजे मृत्यु हो गई है। पेशेन्ट सर्जिकल वार्ड 02 में भर्ती थी। बाड़ी को मरचुरी रुम में रखवा दिया है। जिसका पीएमएलसी नं. 1765 है। सूचना पर से मर्ग क्रं. 22/23 धारा 174 जाफौ का कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों एवं एसडीएम महोदय को दी गई। कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों व एसडीएम महोदय को भेजी जाती है। अज्ञात महिला का हुलिया कद करीब साढ़े 4 फिट अज्ञात महिला उम्र करीब 30 वर्ष, रंग सांवला है जिसके सिर के बाल बड़े है। बदन हष्ठ पुष्ट पहने हुये है। माथे पर बिंदी लगी है। गुलाबी रंग की चपरेदार कुर्ती व पीले रंग की सलवार पहने है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि अज्ञात मृतिका के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना तलैया में आकर संपर्क करें अथवा दूरभाष क्रमांक 07552677320 तथा विवेचक (का.)उ.नि. वाय. एस. मांझी मो.नं. 7049104382 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी
जी-14901/23 थाना तलैया भोपाल

## कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतम नगर भोपाल

क्रमांक/थाप्र./ गौतम नगर/ गुम.इ./32/23 दिनांक 13.06.2023

### जाहिर सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना गौतम नगर के गुम इंसान क्रमांक 32/23 में गुमशुदा राहुल रैकवार पिता योगेश रैकवार उम्र 31 साल नि.म.नं. 15 दुर्गा मंदिर के सामने निशातपुरा थाना गौतम नगर भोपाल, गुमशुदा राहुल रैकवार दिनांक 08.05.2023 को काम पर जाने का बोलकर कही चला गया है। जिसका हुलिया कद करीबन 5 फिट 5 इंच, रंग गेहूआ चेहरा गोल, जिसके सिर पर चोंट का निशान है जो स्लेटी रंग की टी-शर्ट व ब्लू रंग का जिंस पहने है, गुमशुदा की तलाश के हर संभव प्रयास किये गये है

थाना प्रभारी
जी-14894/23 थाना गौतम नगर भोपाल

# हीरो मोटोकॉर्प ने नई एक्सस्ट्रीम 160आर 4 वॉल्व के साथ प्रीमियम राइड की रफ्तार बढ़ाई

**मुंबई, एजेंसी।** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपने उपभोक्ताओं को प्रीमियम प्रॉडक्ट्स की संपूर्ण रेंज उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, आज एक्सट्रीम 160आर 4वी को लॉन्च किया है।प्रीमियम मोटरसाइकिल की श्रेणी में हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी मौजूदगी को दमदार तरीके से बढ़ाया है। एक्सट्रीम 160आर 4वी ने कंपनी के बेहद लोकप्रिय ब्रैंड एक्सट्रीम की सफलता ने नया रोमांचक अध्याय जोड़ा है। इसी के साथ कंपनी अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल की नई एक्स-रेंज के साथ दुनिया भर को युवाओं को लुभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जयपुर में सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (सीआईटी) के आधुनिक अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) केंद्र में इसकी पहली झलक पेश की गई। एक्सट्रीम 160आर 4वी परफॉर्मेंस, दमदार स्टांस, स्मार्ट और कनेक्टेड फीचर्स के साथ तेज कंट्रोल का बेमिसाल पैकेज ऑफर करती है। नई एक्सट्रीम 160आर अपसाइड डाउन फोर्क्स के साथ तीन वैरिएंट्स, स्टैंडर्ड, कनेक्टेड 2.0 और प्रो वैरिएंट में में उपलब्ध होगी।

# कमिंस इंडिया लिमिटेड ने समृद्ध दुनिया को सशक्त बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाया

**पुणे, एजेंसी।** पावर सॉल्यूशंस के अग्रणी प्रौद्योगिकी प्रबंधको में से एक कमिंस इंडिया लिमिटेड ने घोषणा की कि 12 जून, 2023 को,इसे ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) से विभिन्न सीपीसीबी आईवी+ कंप्लायंस प्रमाणपत्र प्राप्त हुए थे।एआरएआई मुख्यालयपुणे में आयोजित एक समारोह में एआरएआई के निदेशक डॉ. रेजी मथाई ने कमिंस ग्रुप (इंडिया) के इंजीनियरिंग प्रमुख डॉ. प्रदीपराम ओष्ट्टिककुट्टी और सुश्री श्वेता आर्य, बिजनेस हेड, पावर सिस्टम्स, कमिंस इंडिया लिमिटेड को प्रमाणपत्र प्रदान किए। समारोह के दौरान एआरएआई और कमिंस इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रमाणीकरण जेनसेट उत्पादों की विभिन्न रेंज के लिए है।एआरएआई द्वारा प्रदान किए गए प्रमाणन,1जुलाई,2023 से नए नियमों के प्रभावी होने पर,अपने ग्राहकों को विभिन्न सीपीसीबी आईवी++उत्सर्जनमानदंडों के अनुरूप जेनसेट प्रदान करने के लिए कमिंस इंडिया लिमिटेड की तत्परता की पुष्टि करते हैं।

# अमेज़ॅन फैशन पर बहुप्रतीक्षित वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल का 12वां संस्करण

**मुंबई, एजेंसी।** अमेज़ॅनफैशनने अपने बहुप्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट, वॉर्डरोब रिफ्रेश सेलके 12वें संस्करण की घोषणा की है, जिसमें सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर डील्स मिलेंगी जो आपको अपने वॉर्डरोब को नया रूप देने के लिए प्रेरित करेंगी। गर्मियों का मौसम अपने चरम पर है और मानसून बस आने ही वाला है, ऐसे में अब समय आ गया है कि आप अपने लुक को वाइब्रेंट ह्यूज, फ्लोई सिलुएट्स और ब्रीजी फैशनेबल आउटफिट्स के साथ जीवंत बनाएं। समर ड्रेसेस से लेकर ट्रेंडी एक्सेसरीज और फुटवियर तक, सभी स्टाइलिश चीजों के लिए यह आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। आपका क्या प्लान है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हमने आपको अपैरल, जूते, हैंडबैग, घड़ियां, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटी उत्पाद, लक्जरी ब्यूटी आदि में फैशन और ब्यूटी सिलेक्शन में सर्वश्रेष्ठ के साथ कवर किया है। वैन हुसैन, बीबा, लिवाइस, यूएस पोलो एसोसिएशन, प्यूमा, एडिडास, द बॉडी शॉप, लक्मे, लोरियल पेरिस, फॉरेस्ट एसेंशियल, अमेरिकन टूरिस्टर आदि सहित 1000 से ज्यादा टॉप ब्रांड्स से चयन करें। इसके अलावा, ग्राहक अपने पहले ऑर्डर पर मुफ्त डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं और 20 प्रतिशत कैशबैक* (नियम एवं शर्तें लागू) प्राप्त कर सकते हैं और 2 या अधिक उत्पादों की खरीद पर 30 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं।

# टेक्नोलॉजी का उपयोग कर टाइल खरीदने के अनुभव को आसान बनाता ओरिएंटबेल टाइल्स

**मुंबई, एजेंसी।** ओरिएंटबेल टाइल्स, जो कि भारत की लीडिंग टाइल मैन्युफैक्चरर में सेएक होने के साथ साथ, 45 से अधिक वर्षों से टाइल इंडस्ट्री में इनोवेशनके मामले में भी सबसे आगे है। टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए, कंपनीने हाल ही में देश भर के अपने तमाम ग्राहकों के लिए टाइल्स खरीदारी कोआसान बनाने के लिए कई नई पहलों को शुरू किया हैं।जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के पास समय का अभाव होता जा रहा है, वैसे-वैसेओरिएंटबेल टाइल्स ने अपने टाइल-शॉपिंग प्रोसेस को आसान बनाने केलिए डिजिटल टूल्स की अत्याधुनिक रेंज पेश की है। जिसमे कंपनी कीवेबसाइट एडवांस्ड ई-कॉमर्स-जैसे सर्च फिल्टरकी सुविधा प्रदान कर, आपको 3000 से अधिक एसकेयू के माध्यम सेटाइल्स को छाटने में मदद करती है। इसके अलावा आप सिलेक्टेड टाइलकी पिक्चर को अपलोड कर अपने कमरे में भी आज़मा सकते हैं! जैसा कि हम सभी अपने जीवन में व्यस्त रहते हैं। अब आप और आपके प्रियजन इसेबड़े ही आराम से अपने घरों में सुविधानुसार ब्राउज़ कर सकते हैं। आपकलर, साइज या कमरे के अनुसार भी टाइल्स को एक्स्प्लोर कर सकतेहैं। इसके साथ साथ आप अपने पास मौजूद किसी भी अन्य इंस्पायरिंगपिक्चर के समान टाइलें भी प्राप्त कर सकते हैं। आप इन्हे आज़माएं औरवाकई में यह आपको पसंद आएँगी, ओरिएंटबेल टाइल्स के सीएमओआलोक अग्रवाल का कहना है ।

# इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 में हंसवी टोंक की दिलकश परफॉर्मेंस पर बी प्राक ने उन्हें डेडिकेट किया गाना सच कह रहा है

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर में इस रविवार दोस्ती स्पेशल एपिसोड के साथ मनोरंजन का स्तर और ऊपर उठ जाएगा! दोस्ती के खूबसूरत रिश्ते को सेलिब्रेट करते हुए सभी कंटेस्टेंट्स अपने कोरियोग्राफर्स के साथ कुछ दिल छू लेने वाले एक्ट्स पेश करेंगे, जिसमें वो बड़ी खूबसूरती से यह बताएंगे कि उनके लिए दोस्ती के क्या मायने हैं! इस मौके पर सेंसेशनल म्यूज़िक आइकॉन बी प्राक भी अपने गाने क्या लोगे तुम को प्रमोट करते नजर आएंगे और इस दिल छू लेने वाले ट्रैक को जारी करेंगे, जो उनके आने वाले एल्बम ज़ोहराजबीं का हिस्सा है। टैलेंट और यूनिटी की शानदार मिसाल पेश करते हुए कंटेस्टेंट्स हंसवी टोंक और उनकी कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर तू जो मिला गाने पर अपने सहयोगी कंटेस्टेंट्स और कोरियोग्राफर्स को एक शानदार परफॉर्मेंस डेडिकेट करेंगे। इस परफॉर्मेंस में बड़ी खूबसूरती से क्लासिकल और कंटेंपरेरी डांस स्टाइल को शामिल किया जाएगा, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। इस जोड़ी को जजों के पैनल की ओर से स्टैंडिंग ओवेशन भी दिया जाएगा, जहां सारे जज हंसवी की तूफानी परफॉर्मेंस और उनके क्लासिकल बैकग्राउंड के बावजूद एक नए डांस फॉर्म (कंटेंपरेरी) में महारत हासिल करने की काबिलियत पर हैरान रह जाएंगे।

# पांच हजार फर्जी कंपनियों के जरिये 30 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी, 16 राज्यों में चल रहा रैकेट पकड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुखौटा कंपनी बनाकर उनके जीएसटी पंजीकरण के जरिये सरकार को 30 हजार करोड़ रुपये की चपत लगा दी गई। यह चौंकाने वाला खुलासा पिछले एक माह से चल रहे विशेष जांच अभियान में हुआ। फर्जीवाड़े का यह रैकेट देश के 16 राज्यों में चल रहा था, जिससे जुड़े 16 हजार फर्जी जीएसटी पंजीकरण जांच में सामने आए हैं। करीब पांच हजार मुखौटा कंपनियों की पहचान की गई है।

इस रैकेट ने पीएम किसान, ग्रामीण रोजगार योजना व अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों का डाटा चोरी कर पहले जीएसटी पंजीकरण कराया और फिर बोगस कारोबार और फर्जी बिलों के जरिये जीएसटी के इनपुट टैक्स क्रेडिट का बेजा फायदा उठाकर कर चोरी को अंजाम दिया। जांच में पैन और आधार कार्ड के जरिये 18 हजार घपलों का भी पता चला है।

सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी का पता लगाने के लिए 16 मई से दो माह का विशेष अभियान शुरू किया है। इसमें आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय व कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय समेत अन्य एजेंसियां शामिल हैं। इसके तहत पहले सप्ताह में ही 10,000 फर्जी पंजीकरण का पता चला था।

**यूपी, पंजाब-हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक धोखाधड़ी-** इन कंपनियों का इस्तेमाल नकली बिल बनाने के लिए किया जाता था, जिन्हें बाद में इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए विभिन्न कंपनियों को बेच दिया जाता था। इन मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देशभर में कुल 4,909 कारोबारी प्रतिष्ठान संदिग्ध पाए गए। इनमें दिल्ली के सर्वाधिक 1,888, उत्तर प्रदेश के 831, हरियाणा के 474, तमिलनाडु के 210, महाराष्ट्र के 201, तेलंगाना के 167 और मध्य प्रदेश के 139 प्रतिष्ठान शामिल हैं।

# देश में 69 करोड़ होगी 5जी ग्राहकों की संख्या, चीन से आगे निकलेगी भारत में तेल की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में 5जी ग्राहकों की संख्या 2028 के अंत तक बढ़कर 69 करोड़ हो जाने की उम्मीद है। 2022 में 3.1 करोड़ थी। इससे देश में मोबाइल सब्सक्रिप्शन का कवरेज 2022 में 77 प्रतिशत से बढ़कर 2028 में 94 प्रतिशत हो जाएगा। वैश्विक 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन 2028 के अंत तक 500 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

टीमलीज सर्विसेज के अनुसार, भारत को 5जी तकनीक का लाभ उठाने के लिए 2025 तक कम से कम 80 लाख कुशल कामगार तैयार करने की जरूरत है। सर्वेक्षण में शामिल 297 कंपनियों में से 80 प्रतिशत ने कहा कि आईटी, बैंकिंग व वित्तीय सेवाओं (बीएफएसआई) को 5जी से सबसे ज्यादा लाभ होगा। शिक्षा (48 प्रतिशत), गेमिंग (48 प्रतिशत), रिटेल और ई-कॉमर्स (46 प्रतिशत) अन्य उद्योग हैं जो 5जी के कारण लाभ उठाएंगे।




**चीन से आगे निकलेगी भारत में तेल की मांग-** हरित हाइड्रोजन उत्पादन में वैश्विक लीडर बनने के अवसर के बावजूद भारत 2027 तक तेल की मांग में वृद्धि में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल भारी वृद्धि के बाद चीन की मांग 2024 से लगातार गिरने लगेगी। इस समय अमेरिका, चीन और भारत दुनिया के तीन सबसे बड़े तेल ग्राहक हैं। आईईए ने 2023 में दुनिया को तेल की जरूरत पर अपनी भविष्यवाणी बढ़ाकर अब प्रति दिन 24 लाख बैरल की मांग कर दी है।

**चार कंपनियों को 4.56 करोड़ जमा करने का नोटिस-** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फोर्टिस हेल्थकेयर में पैसे की हेराफेरी और इसे छिपाने के लिए गलतबयानी के मामले में चार कंपनियों को 15 दिन के अंदर जुर्माने और ब्याज सहित 4.56 करोड़ रुपये जमा करने का नोटिस भेजा है। सेबी ने फोर्टिस ग्लोबल हेल्थकेयर, आरएचसी फाइनेंस, शिमल हेल्थकेयर और एएनआर सिक्योरिटीज को नोटिस भेजकर तय समय में रकम जमा कराने को कहा है।

**भारतीय कंपनियां अफ्रीका में कर सकती हैं 176 अरब डॉलर निवेश-** भारतीय कंपनियां अफ्रीका में सालाना 130 से 176 अरब डॉलर तक का निवेश कर सकती हैं। यह निवेश इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर होगा। सीआईआई-एक्जिम बैंक के एक कार्यक्रम में अफकॉस के एमडी एस परमासिवन ने कहा, अफ्रीका में 60 से 160 अरब डॉलर की जरूरत है जो भारतीय कंपनियों के लिए एक बड़ा अवसर है। पिछले एक दशक से अफ्रीका में सालाना 80 अरब डॉलर का निवेश हो रहा है। इन्फ्रा में करीब 47 फीसदी निवेश दक्षिण और पूर्व अफ्रीका में होता है। 44 प्रतिशत निवेश पूर्व-पश्चिम अफ्रीका में होता है।

**जेटविंग्स एयरवेज दो एयरक्राफ्ट के साथ अक्तूबर से शुरू करेगी उड़ान-** जेटविंग्स एयरवेज की उड़ान अक्तूबर से शुरू हो सकती है। वह शुरुआत में 2 एयरक्राफ्ट से इसे चलाएगी। बाद में पहले चरण में 5 एयरक्राफ्ट को शामिल करेगी। कंपनी के चेयरमैन डॉ. संजीव नारायण ने कहा, सरकार से एनओसी मिली है। शुरू में उड़ान स्कीम के तहत पूर्वोत्तर इलाकों में संचालन होगा। उन्होंने कहा, कंपनी शुरुआती चरण में 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके लिए कर्ज नहीं लिया जाएगा।

# भोपाल विकास प्राधिकरण की भू-स्वामीयों के साथ बैठक आयोजित



**भोपाल।** आज भोपाल विकास प्राधिकरण मुख्यालय के सभागार में मिसरोद वागली. कटारा, जाटखेडी, बर्रई योजना में अर्न्तगत आने वाले भू-स्वामीयों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री कृष्ण मोहन सोनी द्वारा भूस्वामीयों को भूमि से प्राप्त अंश के भूखण्डों के अनुमोदन पत्र प्रदान किये गये।

उल्लेखनीय है कि भोपाल विकास प्राधिकरण के द्वारा भोपाल नर्मदापुरम राष्ट्रीय राजमार्ग से बर्रई तक 45 मीटर चौडी मास्टर प्लान सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। जिससे मिसरोद, जाटखेड़ी, वागली, कटारा और बर्रई क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की अपार समावना है। इसके साथ ही उक्त क्षेत्र में निवासरत रहवासी भी लाभान्रित होगे। उक्त योजना के अर्न्तगत आने वाले गावों की कनेक्टीबिटी सीधे मुख्य मार्ग से सीधे हो सकेगी। भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा मास्टर प्लान रोड़ के दोनो तरफ 226 हेक्टेयर भूमि में अधोसरंचना का विकास किया जावेगा। उक्त योजना के अर्न्तगत आवासीय व्यवसायिक और पी.एस.पी. भू-खण्डों का विकास किया जावेगा, साथ ही अन्य प्रकार के निर्माण भी उक्त योजना में किये जावेगे।

भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जाने वाली योजना में पृथक से विद्युत सब स्टेशन, कम्युनिटी हाल आगनबाडी, और स्कूल हेतु भू-खण्डों को आरक्षित किया गया है साथ ही पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए खुला क्षेत्र और पार्क इत्यादि का भी विकास भी किया जावेगा। आज की बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री सुनील पाण्डे और श्री अनिल अग्रवाल (लिली) के साथ भोपाल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधि0 श्री बुद्धेश वैध, योजना के प्रभारी कार्यपालन श्री यतीश जैन के साथ भू-स्वामियों की और से श्री रवि गुरवानी, श्रीमति भारती गुरवानी, नव्या, इन्फ्राकान, बिल्डर, शिवपार्वती एन्टरप्राइजेज एवं जितेन्द्र पारवानी उपस्थित ।

# सागर के आकाश बायजू के 2 छात्र नीट यूजी 2023 में टॉप परफॉर्मर बने




**सागर।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजू की सागर शाखा के दो छात्रों ने शहर से नीट यूजी परीक्षा 2023 में टॉप परफॉर्मर बनकर इतिहास रच दिया है, संस्थान और उनके माता-पिता के लिए बहुत खुशी की बात है। . छात्र श्वेता श्रीवास्तव हैं जिन्होंने 651/720 अंक प्राप्त किये और अरमान दानिश अंसारी जिन्होंने 629/720 अंक प्राप्त किये। उसी के परिणाम एनटीए द्वारा परसों घोषित किए गए थे। एनईईटी क्रैक करने के लिए छात्र दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश से जुड़े। उन्होंने अभिजात्य सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के अपने प्रयासों और अपने सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया।

# बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस पहला जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ़ इंडिया को आयोजित करेगा

## जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया बीमा उद्योग में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है

**पुणे एजेंसी।** भारत के प्रमुख निजी सामान्य बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस, जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया (जी.आई.एफ.आई.) की मेज़बानी करेगा, जो बीमा उद्योग में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। इस एक दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रेरक सत्र, एक लाइफस्टाइल क्षेत्र, प्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा लाइव कार्यक्रम, कॉमेडियन सुनील ग्रोवर द्वारा एक मनोरंजन का वर्ग और कई अन्य अनुभवात्मक गतिविधियों जैसी विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल होंगी। फेस्टिवल के हिस्से के रूप में, कंपनी ने सामान्य बीमा एजेंटों के लिए जी.आई.एफ.आई. अवार्ड्स नामक एक पुरस्कार समारोह की भी घोषणा की है, जहाँ पूरे उद्योग में स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सलाहकार खुद को जी.आई.एफ.आई. पुरस्कारों के लिए नामांकित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2023 को पुणे में आयोजित किया जायेगा। यह कंपनी भारत में उच्चतम श्रेणी के सामान्य बीमा एजेंटों को मान्यता प्रदान करने और सामान्य बीमा उद्योग के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और जुनून का सम्मान करने के लिए भारत में जी.आई.एफ.आई. अवार्ड्स प्रदान करने वाली पहली कंपनी होगी।

# क्लीन एंड क्लियर ने लॉन्च किया क्लीन एंड क्लियर फोमिंग फेसवॉश

**मुंबई, एजेंसी।** क्लीन एंड क्लियर जो भारत के लीडिंग टीनेज स्किनकेयर ब्रैंड में से एक है ने टीनेज लड़कियों को होने वाली पिंपल और ऑइली स्किन की समस्याओं में उनकी मदद के लिए अपना नया और बेहतर क्लीन एंड क्लियर फोमिंग फेसवॉश लॉन्च किया है नए शक्तिशाली और बेहतर फॉर्मुला में हैं 50प्रतिशत पिंपल-फाइटिंग तत्व और यह बस 1 हफ्ते में पिंपल घटाने के लिए क्लिनिकली प्रूवन है नया और बेहतर क्लीन एंड क्लियर फोमिंग फेसवॉश त्वचा को सौम्यता से साफ करता है 99प्रतिशत गंदगी, ऑइल, और एक्ने पैदा करने वाले बैक्टीरिया हटाता है और इसमें कोई भी सल्फेट या पैराबेन नहीं हैं स्किन को नमी देने वाले तत्वों से बना यह फेसवॉश 4म अधिक हायड्रेशन देकर स्किन की 99प्रतिशत नेचुरल नमी बनाए रखता है और हर इस्तेमाल के बाद त्वचा को ग्लोइंग और फ्रेश बनाता है।




इस लॉन्च पर बोलते हुए, केनव्यू के वाइस प्रेसिडेंट ऑफ मार्केटिंग और बिजनेस यूनिट हेड मनोज गाडगिल ने कहा सालों से क्लीन एंड क्लियर ने खुद को लीडिंग टीनेज स्किनकेयर ब्रैंड के रूप में स्थापित किया हुआ है और हमारे प्रॉडक्ट की श्रेष्ठता और प्रभाविकता के कारण भारत भर में करोड़ों लड़कियाँ हम पर भरोसा करती हैं हमारे ब्रैंड ने हमेशा टीनएजर्स को पिंपल से जुड़े अंदरूनी संकोच से उबरने और अपना आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु प्रेरित करने की कोशिश की है क्लीन एंड क्लियर फोमिंग फेसवॉश अपने नए अवतार में हमारे वादे को और मजबूत बनाता है क्योंकि यह एक बेहतर और अधिक शक्तिशाली समाधान है जो टीनएजर्स को पिंपल और एक्ने से जुड़ी दूसरी चिंताओं का प्रभावी ढंग से सामना करने में मदद देता है और उनकी स्किन को हायड्रेटेड रखकर बेहतर नतीजे देता है।

क्लीन एंड क्लियर फोमिंग फेसवॉश के बेहतर फॉर्मुला को खास तौर पर यंग टीनेज लड़कियों की दो समस्याएँ खत्म करने में उनकी मदद के लिए तैयार किया गया हैरू पहली, स्किन ड्रायनेस की समस्या और दूसरी, उनके डेली स्किनकेयर रुटीन में सल्फेट और पैराबेन की मौजूदगी को लेकर उनकी चिंता। इस नए और बेहतर फॉर्मुला के लॉन्च के साथ, उपभोक्ताओं को एक अधिक प्रभावी क्लींजर मिलेगा जो एक हफ्ते में पिंपल घटाता है और साथ-ही-साथ उन्हें दोबारा होने से रोकता है, वह भी उस सौम्यता को नुकसान पहुँचाए बिना जिसकी स्किन हकदार है।

# आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया कीवे एसआर 250 और एसआर 125 का स्थानीयकरण करने के लिए तैयार

## सितंबर 2023 तक, एएआरआई अपने ग्राहकों के लिए एक कलर कस्टमाइजेशन प्लेटफार्म माई एसआर माई वे पेश करने की योजना बना रहा है

**हैदराबाद, एजेंसी।** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया प्रा. लि. (एएआरआई), भारतीय सुपरबाइक उद्योग में एक स्थापित निर्माता, ने हाल ही में एंट्री-लेवल प्रीमियम सेगमेंट की सेवा के लिए दो नियो-रेट्रो मोटरसाइकिलें पेश कीं। इनमें हंगेरियन मार्के कीवे की उबर कूल एसआर 250 और सरल एसआर 125 शामिल हैं, जिनकी 98 से अधिक देशों में मौजूदगी है। मोटरसाइकिलें पुराने स्कूल के दिनों की एक मजबूत याद के रूप में सामने आती हैं, जिससे ग्राहक आधुनिक प्रदर्शन और विश्वसनीयता से समझौता किए बिना 80 और 90 के दशक के नोस्टालजिक अनुभव का आनंद ले सकते हैं। जबकि कीवे एसआर 125 पहले से ही बिक्री के लिए उपलब्ध है, कीवे एसआर 250 की डिलीवरी 17 जून से शुरू होगी।



आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया भी 2023 के अंत तक दो नियो-रेट्रो सवारी को स्थानीय बनाने की योजना बना रहा है। स्थानीयकरण की दिशा में कदम एसआर 250 और एसआर 125 के लिए प्राप्त अविश्वसनीय प्रतिक्रिया का परिणाम है।

एएआरआई ने कीवे एसआर 250 की पहली पांच सौ डिलीवरी के लिए एक लकी ड्रॉ की घोषणा की है, जिसमें पांच भाग्यशाली ग्राहकों को एक्स-शोरूम कीमत पर 100त्न कैशबैक मिलेगा। कंपनी माई एसआर माई वे प्लेटफॉर्म पेश करने के लिए भी तैयार है, जिससे ग्राहकों को अपने एसआर मॉडल के माध्यम से अपने अद्वितीय व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने की अनुमति मिलती है, जो एसआर मॉडल रेंज को उनके राइडर्स के लिए अद्वितीय बनाएगी । यह प्लेटफॉर्म सितंबर 2023 से सभी नई खरीदारी पर उपलब्ध होगा। हालांकि, कीवे एसआर 250 और कीवे एसआर 125, 3 मौजूदा मानक रंगों - ग्लॉसी व्हाइट, ग्लॉसी रेड और ग्लॉसी ब्लैक में डीलरशिप पर आसानी से उपलब्ध होंगी। नए प्लेटफॉर्म के माध्यम से कलर कस्टमाइजेशन एएआरआई द्वारा ऑर्डर के आधार पर किया जाएगा। माई एसआर माई वे के बारे में पूछताछ करने के लिए, और कलर कस्टमाइजेशन के लिए ऑर्डर देने के लिए, ग्राहक निकटतम बेनेली कीवे अधिकृत डीलर से संपर्क कर सकते हैं.

# मरेंगो सिम्स अस्पताल द्वारा सुरक्षित रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान

**अहमदाबाद एजेंसी।** भारत में सालाना लगभग 5 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता का अनुमान है, लेकिन केवल 2.5 करोड़ यूनिट ही उपलब्ध हैं। प्रत्येक दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है, और प्रतिदिन 38,000 से अधिक रक्तदान की आवश्यकता होती है। प्रत्येक वर्ष कुल 30 मिलियन रक्त घटकों को चढ़ाया जाता है। विश्व रक्तदान दिवस हर साल 14 जून को रक्त दाताओं को धन्यवाद देने और सुरक्षित रक्त उत्पादों और उनके उपयोग की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

डॉ. हेमंत मेंघाणी, बाल रक्त रोग विशेषज्ञ, मरेंगो सिम्स अस्पताल, स्वैच्छिक रक्तदान 2006 में केवल 54.3त्न से बढ़कर 2012 के अंत में 83त्न हो गया। रक्त की कमी भी 17त्न से घटकर वर्तमान में 9त्न हो गई है। इसका श्रेय भारत में काम कर रहे कई एनजीओ और ब्लड बैंक संगठनों को दिया जा सकता है, जो रक्तदान के लाभों के बारे में जनता को जागरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत में रक्तदान में लगातार वृद्धि होने के बावजूद, सुरक्षित रक्त उत्पादों की हमारी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि देश की आबादी के 1त्न द्वारा रक्तदान आम तौर पर देश की रक्त की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। हमें एक देश और समाज के रूप में नियमित रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए एक संस्कृति बनाने की आवश्यकता है, दूसरों को भविष्य के दाताओं के रूप में शिक्षित करने के लिए जिम्मेदार महसूस करने के लिए, और सामूहिक रूप से रक्तदान के साथ कुछ लांछन के बारे में मिथकों को दूर करने की आवश्यकता है। हम इन कीमती राष्ट्रीय और सामाजिक संसाधनों के अधिक जिम्मेदार दाताओं के साथ-साथ विवेकपूर्ण उपयोगकर्ता होने का संकल्प लेते हैं। एक रक्तदान अधिकतम तीन लोगों की जान बचाने में मदद कर सकता है। यदि आपने 18 वर्ष की आयु में रक्तदान करना शुरू किया और 60 वर्ष की उम्र तक पहुंचने तक हर 90 दिनों में रक्तदान किया, तो आपने 30 गैलन रक्तदान किया होगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी में मनाया स्थापना दिवस




सौसर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं केशव शिक्षा समिति जबलपुर से मार्गदर्शित एवं ग्राम भारती छिंदवाड़ा से सम्बद्ध, श्री गुरुजी शिक्षण समिति सौसर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी में आज 15 जुन को स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दामोदरजी ठाकरे एवम मुख्य अतिथि श्रीमती कविता ओमप्रकाश मेहता , नंदकुमार शुक्ला , श्री गुरुजी शिक्षण समिति सचिव राजु बाविस्टाले ,जनपद सदस्य श्रीमती गायत्री देवेन्द्र गायकवाड़ , श्रीमती नीतातार्ई बोडखे , ओमप्रकाशजी मेहता, बृजकिशोर सुदा, बंडुजी गुर्वे , रामदासजी ढोक द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैय्या बहनों द्वारा स्वागत के साथ गणेश वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार लाखे द्वारा विद्यालय का वृत रखा गया एवं विद्यालय में स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भास्कर गावंडे द्वारा बताया गया कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है।इस शिक्षा रुपी पुनीत कार्य में विद्यालय के आचार्य/दीदीया कम मानदेय भी अच्छा कार्य कर रहे हैं।

## 06 वार्ड ने होगा जल प्रदाय बाधित, टैंकर से होगी जलापूर्ति

**छिंदवाड़ा।** छोटी बजार पानी टंकी से जल आपूर्ति होने वाले क्षेत्र दिनांक 16/06/23 दिन शुक्रवार को जलापूर्ति से प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों में प्रमुख रूप से खिरका मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला , पुराना चांद नाका बरारी पुरा, दास मोहल्ला, सुभाष कालोनी ,चोखे कालोनी राज पाल चौक, तारा कालोनी, मिश्रा कालोनी, कावेरी नगर, साहू मोहल्ला, तिलक चौक, रघुवंशी मोहल्ला शक्ति चौक, शामिल है इसके साथ ही वार्ड क्र.- 23, 25, 27, 29, 32, 33 के क्षेत्र भी प्रभावित होंगे। निगमायुक्त राहुल सिंह के आदेश पर निकाय के सभी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए विशेष प्रयास भी किए जा रहे है। विगत दिनों जल आपूर्ति से प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकर के माध्यम से भी सप्लाई की जा रही है। शुक्रवार को भी उक्त क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पानी टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की जायेगी।

## अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के शहर के प्रथम नागरिक विक्रम आहाके महापौर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के कक्ष में रत्नेश गोदरे को उनके पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करवाई गई जिसमें स्थापना की ओर से सामान्य प्रशासन के सभापति श्री राहुल मालवीय उपस्थित रहे राहुल मालवीय ने आगे प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जब से शहर सरकार कांग्रेस की बनी है तब से कर्मचारियों के हित में निरंतर क्रांतिकारी निर्णय लिए जा रहे हैं जिसमें प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान एवं कर्मचारियों के किसी भी प्रकार के कार्यालयिन समस्याओं को एम आई सी के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से समाधान किया जा रहा है श्री मालवीय ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री कमलनाथ जी के एवं छिंदवाड़ा के लोकप्रिय सांसद श्री नकुल नाथ जी की मंशा अनुरूप कर्मचारी हित में हमारे महापौर श्री विक्रम आहाके नगर पालिक निगम अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र मागो सोनू सहित समस्त सभापति एवं पार्षद मिलकर इन सभी कर्मचारी हित के कार्यों को संपादित कर रहे हैं।

## मिला लाडली बहना योजना का लाभ, चेहरे पर आई मुस्कान

हर्रई। मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की लाडलियों के खाते में प्रथम मासिक राशि ?1000 पहुंच चुकी है। इससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड हर्रई की ग्राम पंचायत हड़ाई निवासी श्रीमती सुनैना डेहरिया के खाते में भी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत ?1000 की राशि प्राप्त हो चुकी है। प्रथम मासिक राशि पाकर उनके चेहरे पर आई मुस्कान साफ



देखी जा सकती है। श्रीमती सुनैना डेहरिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत हमें जो ?1000 प्रदान किया गया है, उससे हम आपने आप को सशक्त महसूस कर रहे हैं। इस राशि से अब मैं अपने और अपने परिवार की जरूरतों में अपनी तरफ से भी सहयोग कर सकूंगी। इससे हमारा आत्म सम्मान बढ़ा है।

## शिविर में दी रोजगार संबंधी जानकारी

परासिया। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भमोडी में युवक युवतियों को रोजगार प्लेसमेंट संबंधी मार्गदर्शन के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रोजगारन्मुखी कौशल विकास का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये पंजीयन किया गया तथा उपस्थित लोगो को रोजगार केअवसर प्रदान किए गये। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि अप्रैल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर एटीडीसी, वर्धमान यार्न मंडीदीप एवं आईएएस एजुकेशन भोपाल द्वारा संचालित कोर्सप्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की गई इस शिविर कार्यक्रम में एटीडीसी के सेंटर हेड सतीश पटेल, वर्धमान यार्न मंडीदीप के मानव संसाधन अधिकारी संतोष दुबे आईईएस के प्लेसमेंट मैनेजर नारायण सिंह चौहान भोपाल, आईएस के क्वालिटी मैनेजर योगेश द्विवेदी, क्वालिटी हेड पीयूष कुमार मोबिलाइजर अर्जुन मर्रापे आशीष सोनी सोन बघेल ने जानकारी प्रदान की।

# कमिश्नर के सामने लगे नारे डीन तेरी तानाशाही नहीं चलेगी

## मेडीकल कॉलेज में अध्ययनरत पैरामेडिकल छात्र, छात्राओं का एफिलिशन कर शीघ्र परीक्षाएं करवाने की मांग



छिंदवाड़ा। मेडिकल कालेज में अध्ययनरत पैरामेडिकल (बी.एम.एल टी./डी.एम.एल.टी.) छात्र-छात्राओं का एफिलिशन कर शीघ्र परीक्षायें आयोजित करवाने या जनरल प्रमोशन देने को लेकर मेडिकल कालेज में जबलपुर संभाग के कमिश्नर के आगमन पर छात्र छात्राओं ने कमिश्नर के सामने यूनिवर्सिटी और मेडिकल के खिलाफ खुलकर सामने आये और नारेबाजी की विद्यार्थियों ने कमिश्नर के सामने डीन तेरी तानाशाही नहीं चलेगी को लेकर जमकर नारेबाजी की। लेकिन फिर भी छात्र छात्राओं की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। मेडीकल कॉलेज के डीन जे.बी.रामटेके की कार्यप्रणाली को लेकर डाक्टरों सहित विद्यार्थियों में आक्रोश है फिर शासन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला एन.एस.यू.आई. द्वारा पूर्व में भी मेडिकल कालेज में अध्ययनरत पैरामेडिकल (बी.एम.एल टी/डीएएलटी) के संबंध में इसके पूर्व भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इन छात्र-छात्राओं का एफिलिशन कर शीघ्र परीक्षायें आयोजित करवाने या जनरल प्रमोशन देने के लिये धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था, परंतु उस समय अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया था। परंतु अधिकारियों द्वारा इन छात्र-छात्राओं की मांगो का निराकरण आज दिनांक तक नहीं किया गया जिससे आक्रोषित छात्र-छात्राओं ने पुनः एन.एस.यू.आई. के साथ जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा और इसके बाद मेडिकल कालेज में जबलपुर संभाग के कमिश्नर के आगमन की सूचना मिली तो छात्र नेताओं ने मेडिकल कालेज पहुँचकर कमिश्नर के सामने इन छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने के लिये धरना प्रदर्शन कर, यूनिवर्सिटी और मेडिकल के खिलाफ खुलकर सामने आये और नारेबाजी की और कमिश्नर से मिलने पर भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ और उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को उचित आश्वासन भी नहीं दिया गया, इससे छात्र-छात्रायें आक्रोषित है, और एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने मेडिकल कालेज के डीन रामटेके एवं नोडल अधिकारी अनिल रायचूर पर आरोप लगाया है कि इन अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही इन बच्चों का भविष्य अंधकार हो गया है, और कहीं न कहीं प्रशासन इस मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है । जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इन छात्र-छात्राओं की समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो एन.एस.यू.आई. आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

# मिलावटखोरों पर सख्त कार्यवाही करें: कलेक्टर श्रीमती पटले

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन और नापतौल विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक




**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने निर्देश दिये कि जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत लगातार निरीक्षण कर मिलावटखोरों पर सख्त कार्यवाही करें । साथ ही बिना लाइसेन्स/रजिस्ट्रेशन के कार्य करने वाले सभी खाद्य कारोबारियों के विरुध्द कड़ी कार्यवाही करतें हुये प्रकरण बनायें । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती पटले ने ये निर्देश आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में खाद्य एवं औषधि प्रशासन और नापतौल विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिये । बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण गोपेश मिश्रा, पुरुषोत्तम भंडूरिया, रूपराम सनोडिया, औषधि निरीक्षक विवेकानंद यादव और नापतौल निरीक्षक शैलेंद्र सिंह उपस्थित थे ।बैठक में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती पटले ने निर्देश दिये कि मिलावटी दूध व दूध से बने पदार्थों, मिलावटी खाद्य तेल आदि पर कार्यवाही के साथ ही रंगयुक्त सब्जी व कृत्रिम रूप से अवैध तरीके से पकाये जा रहे फलों, जिले में स्ट्रीट फूड के अंतर्गत गलत तरीके से बनी व परोसी जा रही चाट, फुलकी और चाइनीस फूड आदि, बच्चों के लिये उपलब्ध हल्की क्वालिटी के कुरकुरे व वेफर्स आदि पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये । उन्होंने होटलों व रेस्टारेन्टों की लगातार जांच करने और गुणवत्ताहीन अनाज व्यापार, गुणवत्ताहीन पानी व्यापार, आइसक्रीम व्यापार आदि पर भी कड़ाई से लगाम लगाने के लिये निर्देशित किया । साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा कर अर्थदण्ड की राशि तत्काल वसूलने के निर्देश दिये गये। उन्होंने खाद्य लाइसेन्स/रजिस्ट्रेशन के कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये शीघ्र एवं अधिक से अधिक संख्या में लाइसेन्स/रजिस्ट्रेशन बनवाने के निर्देश भी दिये । उन्होंने औषधि विभाग की समीक्षा कर औषधि निरीक्षक को जिले में लगातार सभी दवा दुकानों की जांच करने और गुणवत्तायुक्त औषधि जनता को उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया । इस दौरान मिलते जुलते नामों से चल रही घटिया स्तर की कोल्डड्रिंक पर भी कार्यवाही के निर्देश दिये गये ।

## वार्ड क्रमांक-42 के पार्षद पद के लिये संपन्न मतदान की मतगणना आज

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार छिन्दवाड़ा जिले में नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा के वार्ड क्रमांक-42 के पार्षद पद के लिये गत 13 जून को संपन्न मतदान की मतगणना 16 जून को प्रातः 9 बजे से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में होगी । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में मतगणना स्थल पर मतगणना की संपूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मतगणना स्थल के आस-पास सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग कराई गई है

# मोदी के विकास को आगे बढ़ाएं

## शिवराज ने ली छिंदवाड़ा कोर समीति की बैठक



**छिंदावाड़ा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.डी.शर्मा ने कोर कमेटी की बैठक ली जिसमें संतोष जैन, नरेश दिवाकर, शेषराव यादव, नत्थनशाह, कविता पाटीदार, कैलाश अंगारिया, टीकाराम चन्द्रवंशी, परजीत बिज, श्रीमति कांता ठाकुर, नरेन्द्र परमार, रमेश दुबे, मारोतीराव खवसे, विजय झांझरी, ताराचंद बावरिया, रमेश पोफली, नानामोहोड़, अजय चौरे, संतोष पारिख, अशोक यादव एवं अन्य नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के विकास के कार्यो को आगे बढ़ाएं एवं अधिक से अधिक मतदान कराने पर जोर दें।

## आम आदमी पार्टी विशाल महारैली आज

**छिंदवाड़ा।** आम आदमी पार्टी के बढ़ते कदम के साथ छिन्दवाड़ा की धरा पर दिल्ली के जंगपुरा से और बैतूल के आठनेर का लाडला बेटा विधायक माननीय प्रवीण देशमुख जी का आगमन होने जा रहा है । शहर में महारैली में शामिल होंगे एवं विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। छिन्दवाड़ा जिले दिनांक 16 जून 2023 को समय दोपहर 1 बजे से ,जनसभा स्थान दशहरा मैदान छिन्दवाड़ा में होगा । रैली दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर जिला अस्पताल ,अनगढ़ हनुमान मंदिर से होते हुए जेल चैराहा से होकर गर्ल्स कॉलेज ,फव्वारा चैक ,कोतवाली थाना से होकर पुनः दशहरा मैदान में समाप्त होगी। अतः समस्त आम जनता एवं आम आदमी पार्टी के समर्थकों ,कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनायें ।

# किसानो व जरुरतमंदो के कल्याण के लिए भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी, 2024 में पुनः बनेगी सरकारः संदीप रघुवंशी



**छिंदवाड़ा।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रसारण कार्यक्रम चांद सोसायटी मे सम्पन्न हुआ, जिसमे- देवेन्द्र पटेल (उपाध्यक्ष नगर परिषद चांद), डां.मनोज चौरसिया (अध्यक्ष किसान मोर्चा),श्रीमती शीला चौहान जी(पार्षद), संदीप रघुवंशी जी(प्र.किसान सदस्य), आदित्य ठाकुर (अध्यक्ष युवा मोर्चा), रानू पटेल(मं.उपाध्यक्ष), सोसायटी प्रबंधक जी, गोलू पटेल(मंडी संयोजक,प्रभारी),अमित चौधरी (मं.महामंत्री),ईश्वर पटेल(सरपंच), गिरीश विश्वकर्मा(महामंत्री किसान मोर्चा) पचकोडी यादव , नोखे श्रीवास ,नेरसिंह चौरिया , दौलत मेहदौले जी,बलवान मंगरोले ,महेश सोनी सहित सैकडो किसान भाईयो की उपस्थिति में live कार्यक्रम सम्पन्न हुआ,इस अवसर पर संदीप रघुवंशी ने कहा कि प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना व जिलाध्यक्ष संजय पटेल के मार्गदर्शन मे किसानो के हित मे किसान मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री जी से कांग्रेस द्वारा डिफाल्टर किये गए किसानो के कर्ज की ब्याजमाफी की मांग लम्बे समय से रखी जा रही थी जो कि आज पूरी हुई और किसानो की ब्याज माफी व किसान सम्मान निधी 10000 हजार से बढाकर 12000 की गई है, किसान फसल बीमा की राशी, सिगंल क्लिक कर प्रदान की गई,समस्त किसान बंधु(हितग्राही) चांद(सोसायटी) पधारे सभी को धन्यवाद है।

## पत्नी के मायके जाने से नाराज पति ने लगाई फांसी

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत नगर के समीपस्थ ग्राम सिमरिया मुल्तानी में पत्नी के ससुराल जाने से दुखी पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात्रि की बताई जा रही है वहीं मृतक अनिल पिता महेश धुर्वे की पत्नी अनिल की शराब पीने की आदत से परेशान थी जिसकी वजह से वह अपने मायके चट्टी बूड़ेना मैं रहती थी पति इसी बात से नाराज था और काफी दुखी था इसी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों ने जब देखा तो पुलिस को सूचित किया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फांसी से शव को करवाया और अमरवाड़ा हॉस्पिटल भेजा जहां शुक्रवार की सुबह पुलिस ने पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया और शव को पीएम के लिए भेज कर परिजनों को सौंप दिया वहीं मृतक के दो बच्चे हैं।

# विद्युत मेंटेनेंस की हो उच्च स्तरीय जांच प्रकोष्ठ ने की मांग

## मेंटेनेंस के अभाव में हो रही टांसफार्मर जलने की घटनाएं

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश में बिजली संकट के चलते हाहाकार मचा हुआ है ग्रामीण क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या के चलते विधुत उपकरण खराब हो रहे है जिले में बिजली आपूर्ति की स्थिति बदहाल हो रही है किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली न मिलने से खेती प्रभावित हो रही है पावर ट्रांसफार्मर में खराबी ,विधुत आपूर्ति बाधित होना, खेतों मेंजगह जगह बिजली के तारों लटकना , बिजली के तारों से पेड़ों की टहनियों का टकराना, आदि दुर्घटनाओं को तो आमंत्रित कर ही रहा है बिजली वितरण कंपनी के फर्जी मैंटेनेस की दास्ताँ को भी बता रहा हैं मैंटेनेस के नाम पर घंटों घोषित एवं अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान होती रही है इस भीषण गर्मी में दिन एवं रात में कभी भी बिजली गुल हो रही है जिससे लोंगो में बैचेनी व घबराहट बढ़ रही है न बारिश न तूफान फिरभी बिजली गोल हो रही है । विधुत वितरण कंपनी लाखों रुपये मैंटेनेस के नाम पर खर्च करने का दावा करती है किन्तु हकीकत कुछ और ही बयां करती है ग्रामीण अंचलों में बिजली समस्या विकराल बनी हुई है सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबे रहते हैं ऐसी स्थिति में बिजली मैंटेनेस कार्य की जांच होनी चाहिए। ट्रांसफार्मर जलने की रोज घटनाएं हो रही है ट्रांसफॉमर्स बदलने के नाम पर अवैध वसूली जम कर हो रही है। वर्षों से जमे अधिकारी मनमानी पर उतारू है इनको आम उपभोक्ताओं की समस्या से कोई सरोकार नहीं है बिजली के अनुमानित बिल तीन तीन महीने तक लगातार दिया जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है नये मीटर के अभाव में अनुमानित बिलों से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है उक्त आशय के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि म. प्र. पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में विभाग में अनियमितता, लापरवाही व भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है जिन अधिकारियों व कर्मियों का शिकायतों के आधार पर तबादला हो गया है वे अपने क्षेत्रों में जमे रहने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं ऐसे अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से रिलीव किया जाए साथ ही इन के कार्य अवधि की निष्पक्षता से तटस्थ एजेंसी से जांच कराई जाए ।

## परिवहन जाँच दल द्वारा जांच के दौरान जुर्माना शमन शुल्क वसूले

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा आज अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में परिवहन जाँच दल द्वारा नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर पहुंचकर सभी बसों की बारीकी से जाँच की गई जिसमें कुछ यात्री बसों में खामियां पाये जाने पर संबंधित बस संचालकों पर जुर्माना की कार्यवाही की गई। शहर के विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों के संचालकों द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों मे बैठाये जाने सहित वाहनों में किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही शिकायतों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए परिवहन जाँच दल द्वारा शहर के नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर सवारी बसों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई जो आने वाले समय में भी निरंतर जारी रहेगी एवं जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जायेगी तो ऐसे वाहनों को यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जायेगा ।

# जन अभियान परिषद एवं हार्डफुलनेश करा रही ध्यान एवं यौगिक क्रियाएं

## मंदिरों, आगनवाड़ी केंद्रो, शेक्षाणिक संस्थाओं में चल रहे ध्यान एवं योग के प्रशिक्षण



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं हार्डफुलनेश संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकात्म अभियान हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वयक अखिलेश जैन ,समाजसेवी एवम परामर्श दाता विनोद तिवारी,अशीष साहू के कुशल मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 23 आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 95, छिंदवाड़ा में ध्यान एवं योग का प्रशिक्षण दिया गया, जिसके अंतर्गत सभी लोगों को हाथ फुलनेस के तहत किए जाने वाले ध्यान, सफाई और हार्टफुलनेस प्रार्थना की जानकारी देते हुए, ध्यान का अनुभव कराया गया, जिसमें श्री पांडुरंगा आंध्र प्रदेश द्वारा ध्यान, उसका महत्व, उसकी विधियां योग मुद्राएं तथा ध्यान से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण छोटी-छोटी बारीकियों की जानकारी देते हुए द्वितीय दिवस प्रशिक्षण कार्य के अंतर्गत सफाई की प्रक्रिया के बारे में प्रक्रिया बताकर अभ्यास कराया गया, जिसमें बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के सदस्यगण, परामर्शदाता विनोद तिवारी एवं आशीष साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा चौखे प्राथमिक माध्यमिक शाला की शिक्षिकाएं तथा आसपास के वार्ड वासी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों युवाओं एवम बच्चे वा आम जन उपस्थित रहे जिन्होंने उक्त प्रशिक्षण का लाभ अर्जित किया।इसी तरह एफडीडीआई, आई आई सी,विद्या निकेतन स्कूल,गजानंद मंदिर,शिव मंदिर, वृद्ध आश्रम ,बरारी पूरा माता मंदिर में हार्डफुलनेश के ध्यान प्रशिक्षको ने जन अभियान परिषद के साथ मिल शहर के सभी जगह ध्यान एवम योग क्रियाएं करवाई।

# कद्दू से कमा रहे लाखों रूपये

## ग्राम खापामिट्ठेखां के कृषक शिशुपाल को ग्रीष्मकालीन फसल से मिल रहा है प्रति एकड 40 से 50 हजार रूपये का शुध्द लाभ



छिन्दवाड़ा। जिले के विकासखण्ड छिन्दवाड़ा के ग्राम खापामिट्ठेखां और आस- पास के ग्राम झिरलिंगा, झण्डा, सारना, चारगांव, बनगांव आदि के कृषक लगभग 1000 एकड में कद्दू की खेती कर लाखों रूपये कमा रहे हैं। इन्हीं कृषकों में ग्राम खापामिट्ठेखां के कृषक श्री शिशुपाल उसरेठे द्वारा 2 एकड़ में देसी कद्दू की फसल उगाई गई है जिसमें एक कद्दू का वजन 20-25 से 40-45 किलोग्राम के लगभग प्राप्त हो रहा है जिससे कृषक को 40 से 50 हजार रूपये प्रति एकड का शुध्द लाभ मिल रहा है। कृषक को ग्रीष्मकालीन फसल से अच्छा लाभ प्राप्त होने से वह अत्यंत प्रसन्न है।ग्राम खापामिट्ठेखां के कृषक शिशुपाल उसरेठे ने बताया कि एक एकड़ में 15 टन कद्दू का उत्पादन होता है जो कि लगभग तीन माह की ग्रीष्मकालीन फसल है। कृषक श्री उसरेठे इस फसल की मार्च में बुआई करके मई-जून तक फसल ले लेते है जिसका औसत खेत से विक्रय मूल्य 5 रूपये प्रति किलोग्राम है। कृषक श्री उसरेठे ने बताया कि वे लगभग 4 से 5 वर्षों से कद्दू की खेती कर रहे है और इससे उन्हें अच्छा लाभ प्राप्त हो रहा है । कृषक श्री शिशुपाल उसरेठे के खेत में ग्रीष्मकालीन कद्दू की फसल का आज उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह और सह संचालक कृषि अनुसंधान केन्द्र छिन्दवाड़ा डॉ.विजय पराड़कर द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने कृषक को जैविक खेती करने का सुझाव भी दिया ।

# इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप भाग लेंगे

## छिंदवाड़ा के 8 कराते खिलाड़ी



छिंदवाड़ा। कराते प्रशिक्षक रविंद्र जायसवाल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन छिंदवाड़ा जिला के 8 कराते खिलाड़ी इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में भाग लेकर छिंदवाड़ा जिले का गौरव बढ़ाएंगे मध्य मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष सिहान राजेंद्र सिंह तोमर जी, व सचिव महेश कुशवाह जी, कराते प्रशिक्षक रविंद्र जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में भाग लेंगे विश्व कराते महासंघ से मान्यता प्राप्त कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत के साथ ही लगभग 10 देशों के कराते खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमें छिंदवाड़ा जिले से राखी सिरसाम , कविता थापा , मोनिका मालवी , मेघना सिंह, अद्विता त्रिपाठी , अवनीजा पवार, आर्यमन जैन , अर्जुन पटेल शामिल है सभी कराते खिलाड़ियों को खेल अधिकारी रामराव नागले जी एसोसिएशन के सचिव ओंकार मोहबे, रविंद्र जायसवाल, खिलाड़ियों के माता पिता ने बधाई शुभकामनाएं दी ।

## ध्यान शिविर में सीख रहे ध्यान एवं योग की मुद्राएं

छिंदवाडा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकात्म अभियान हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 38 चंदनगांव, छिंदवाड़ा में ध्यान एवं योग के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण दिया गया, जिसके अंतर्गत सभी लोगों को हाथ फुलनेस के तहत किए जाने वाले ध्यान और उससे जुड़ी हुई जानकारी देते हुए नैनीताल से आई तारा दीदी द्वारा ध्यान कराया गया, जिसमें ध्यान, उसका महत्व, उसकी विधियां योग मुद्राएं तथा ध्यान से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण छोटी-छोटी बारीकियों की जानकारी देते हुए प्रथम दिवस प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराया गया, जिसमें बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के सदस्यगण, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड नंबर 38 के योगाचार्य अध्यक्ष डी एस चौरे सचिव राजेश पाल परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी एवं आशीष साहू एवं आसपास के वार्ड वासी उपस्थित रहे जिन्होंने उक्त प्रशिक्षण का लाभ अर्जित किया।



# मध्यप्रदेश में बिपरजॉय का असर 18-19 को ग्वालियर-चंबल में तेज बारिश होगी

**भोपाल।** गुजरात समेत देश के कई हिस्सों में खतरनाक हो चुका तूफान बिपरजॉय मध्यप्रदेश में भी असर दिखा सकता है। 18-19 जून को राजस्थान से सटे ग्वालियर-चंबल में तेज बारिश हो सकती है। हवा की रफ्तार 50ाद्व प्रतिघंटा या इससे ज्यादा रह सकती है। मौसम विभाग ने तूफान को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे पहले भी प्रदेश में प्री-मानसून की गतिविधियां जारी रहेगी। कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन बड़े हिस्से में दिन-रात में तेज गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार 19 जून या इससे पहले तूफान से संबंधित लो प्रेशर एरिया का सेंटर नॉर्थ ईस्ट राजस्थान के आसपास रहेगा। इसके चलते पश्चिमी मध्यप्रदेश के इलाके खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग में कहीं-कहीं बारिश होगी। ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां में तेज बारिश हो सकती है। इसके बाद असर कम हो जाएगा। गुरुवार को भोपाल शहर में 3.3 मिमी बारिश हुई। गुना में भी पानी गिरा।

बिपरजॉय तूफान 16 जून तक राजस्थान पहुंच जाएगा, लेकिन यह कमजोर होकर पहुंचेगा या फिर दबाव कम रहेगा। राजस्थान में तूफान और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से 16 और 17 जून को बारिश होगी, लेकिन 18 और 19 जून को तेज बारिश होने का अनुमान है, इसलिए मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल में भी 18-19 जून को बारिश हो सकती है। तूफान की वजह से तेज हवा भी चल सकती है।

## भोपाल में 19 जून को तेज बारिश

राजधानी भोपाल में 16 और 17 जून को मौसम साफ रहेगा। 18 जून को मौसम बदल सकता है। हल्की बारिश होगी, लेकिन 19 जून को गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने का अनुमान है। इससे दिन और रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना रहेगी। बारिश से दिन का तापमान 38 और रात में पारा 26-27 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को तेज गर्मी के बीच प्रदेश के कई शहरों में हल्की बारिश भी हो सकती है। यह लोकल सिस्टम की वजह से होगा।

## अभी प्री-मानूसन की एक्टिविटी

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में अभी प्री-मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। कुछ ही इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन ज्यादातर हिस्सों में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। टीकमगढ़, छिंदवाड़ा, उमरिया में रातें गर्म रहेंगी। वहीं, ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री या इससे ज्यादा ही रहेगा। अगले दो दिन यानी 16 और 17 जून को ऐसा ही मौसम रहेगा।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो तूफान बिपरजॉय ने प्रदेश से सारी नमी खींच ली है। जहां बारिश हो रही है, वहां लोकल सिस्टम बन रहा है। राजस्थान में गर्म हवा चलने की वजह से भी गर्मी का असर रहा है। इस कारण मध्यप्रदेश में भी गर्म हवाएं आई हैं। राजस्थान में तूफान पहुंचेगा तो वहां बारिश होगी। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा।

## टीकमगढ़ में दिन का पारा 43 डिग्री तक पहुंचा

मध्यप्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान 30 के आसपास है। दतिया में गुरुवार रात यह 31 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। टीकमगढ़ में गुरुवार दिन का पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सीधी, खजुराहो में पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 11 शहरों में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा ही रहा। इधर, रातें भी गर्म हैं। कई शहरों में पारा 30 डिग्री के पार पहुंच चुका है। ऐसे में दिन-रात गर्मी का असर देखने को मिल रहा है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में पीपल, गुलमोहर और कचनार के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ आज भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने जन्मदिवस पर पौधरोपण किया। भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भी जन्मदिवस पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर अनेक पर्यावरण प्रेमी नागरिकों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण किया।

# मप्र में आदिवासी सीटों को साधने कांग्रेस मिलाएगी गोंगपा से हाथ

### सीटों पर पेंच, गोंगपा चाहती है 10 सीटें, कांग्रेस 5 पर राजी

**भोपाल।** चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस आदिवासी सीटों का समीकरण साध रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के दौरे के बाद कांग्रेस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से हाथ मिलाने जा रही है। माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। कांग्रेस एक समझौते से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की साधने की फिराक में है।

गोंगपा का असर सीधे तौर पर अधिकांश आदिवासी जिलों में है। 2018 में गोंगपा दो सीटों ब्यौहारी और अमरवाड़ा में दूसरे नंबर पर रही थी। ब्यौहारी में कांग्रेस तीसरे स्थान पर खिसक गई थी। ये सीट बीजेपी के हाथों में चली गई थी। अमरवाड़ा में गोंगपा ने बीजेपी को तीसरे स्थान पर ढकेल दिया था। यहां पर कांग्रेस हाथों सीट लग गई। बाकी जिलों में गोंगपा ने प्रभावी प्रदर्शन किया था। कांग्रेस करीब 12 सीटें गोंगपा की वजह से हारी थी जबकि बीजेपी को इसी वजह से आठ सीटें गंवानी पड़ी। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस प्रदेश में पांच सीटें देने को राजी है जबकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सीट देने की बात हुई है। गोंगपा की मांग दस सीटों को लेकर है।

**जयस की काट गोंगपा-** साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जयस को साधने में सफलता हासिल की थी। जयस के नेता हीरा अलावा को मनावर से टिकट दिया था। अलावा ने बीजेपी की दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री रंजना बघेल को हरा दिया था। लेकिन इस बार फिर जयस आदिवासी सीटों पर जोर मार रही है। आनंद राय के बीआरएस में शामिल होने के बाद कांग्रेस के सामने और बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। इस बार कांग्रेस महाकौशल, बघेलखंड और बुंदेलखंड में प्रभाव रखने वाली गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को साधने में जुटी है। गोंगपा को साथ लाने की कमान खुद प्रियंका गांधी ने संभाली है। 2018 के चुनाव परिणामों की यदि पड़ताल की जाए तो गोंगपा को साथ मिलाकर कांग्रेस बड़े फायदे को देख रही है। गोंगपा और कांग्रेस यदि मिल जाएं तो कांग्रेस करीब 50 सीटों को साध सकती है।

### पिछले चुनावों में भी रही है गोंगपा की धमक

2008 में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 93 सीटों पर, 2013 में 63 सीटों पर और 2018 में 73 सीटों पर प्रत्याशी उतारे, लेकिन कोई जीत नहीं पाया, लेकिन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी बिना संसाधन और मजबूत गठबंधन के प्रदेश की 50 सीटों पर अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराने में सफल रहे थे। पिछली बार गोंगपा और समाजवादी पार्टी में सियासी समझौता हुआ था। प्रदेश में गोंगपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 73 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। 22 स्थानों पर उसके प्रत्याशियों को 10 हजार से अधिक वोट मिले थे। 15 सीटों पर गोंगपा प्रत्याशियों को 5 हजार से अधिक मत मिले थे।12 सीटों पर गोंगपा प्रत्याशियों को दो हजार से अधिक वोट मिले थे।

### 2018 में इन पांच सीटों पर प्रभावी रही गोंगपा

**1. अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा**

कांग्रेस के कमलेश शाह 36 प्रतिशत वोट के साथ पहले, गोंगपा के मनमोहन शाह बट्टी को 61,269 वोट मिले और वह 30 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं बीजेपी के प्रेम नारायण ठाकुर को 53,499 वोट मिले और वे 27 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

**2. ब्यौहारी जिला शहडोल**

बीजेपी के शरद कौल 78,007 विजेता रहे। कौल 41प्रतिशत के साथ पहले नं. पर रहे। वहीं गोंगपा के तेजप्रताप गौंड 45,557 वोट पाकर 24प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

**3. लखनादौन जिला सिवनी**

कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बाबा 82,951 वोट लेकर विजेता रहे। बाबा का 39 प्रतिशत वोट मिले। वहीं बीजेपी के विजय उइके 70,675 वोट लेकर 34 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं गोंगपा के इंदरसिंह उइके 40,022 वोट लेकर 19 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

**4. शहपुरा जिला जबलपुर**

कांग्रेस के भूपेंद्र मरावी को 88687 वोट मिले और वे 45.59 प्रतिशत के साथ पहले, बीजेपी के ओमप्रकाश धुर्वे 54727 वोट और 28.13 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं गोंगपा के रणजीत सिंह मरावी 30955 वोटों के साथ 15.91 प्रतिशत तीसरे नं. पर रहे।

**5. बिछिया जिला मंडला**

कांग्रेस के नारायण सिंह पट्टा 40.91 प्रतिशत वोट मिले, वहीं बीजेपी के डॉ. शिवराज शाह 29.48त्न वोट और गोंगपा के कमलेश तेकाम 17.33 प्रतिशत वोट मिले थे।

# यूआईडीएआई का बड़ा ऐलान, अब आप फ्री में इस तारीख तक अपडेट करा सकेंगे आधार कार्ड; जानिए तरीका




**नई दिल्ली।** फ्री में आधार अपडेट को लेकर बड़ी खबर है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार की डीटेल्स फ्री में अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 सितंबर 2023 तक बढ़ा दी है। यूआईडीएआई ने उन यूजर्स से फौरन आधार कार्ड अपडेट करने की अपील की है, जिन्होंने 10 साल बाद भी डीटेल्स अपडेट नहीं कराई हैं।

**3 महीने के लिए बढ़ाई अवधि-** आधार प्राधिकरण ने मुफ्त अपडेट सेवा को 3 महीने के लिए बढ़ाया है। अभी भी बहुत से लोग अपना आधार अपडेट नहीं करा सके हैं। ऐसे लोगों के लिए ये बड़ी राहत भरी खबर है। अब लोगों को अपना आधार अपडेट कराने के लिए और वक्त मिल गया है।

**आधार को ऑनलाइन फ्री अपडेट कर सकते हैं आप-** आप आधार कार्ड को घर बैठे ऑनलाइन फ्री में अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी आधार स्टोर या फिर पोस्ट ऑफिस स्टोर से भी आधार कार्ड को अपडेट करा सकते हैं। यहां पर आपको सेवा शुल्क तो चुकाना ही पड़ेगा।

**घर बैठे आधार कार्ड अपडेट करने का तरीका?-** सबसे पहले यूआईडीएआई की वेबसाइट पर जाएं। अब लॉगिन करें और नाम, लिंग, जन्म तिथि और पता अपडेट को सेलेक्ट करें।

**इसके बाद ओटीपी से लॉगिन करें।-** डेमोग्राफिक विकल्पों की सूची से एड्रेस चुनें और आधार अपडेट करने के लिए प्रोसीड पर क्लिक करें।

स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करें और जरूरी डेमोग्राफिक जानकारी भरें।

**पहले 14 जून थी अपडेशन की आखिरी तारीख-** आपको बता दें कि आधार प्राधिकरणने आधार यूजर्स को डेमोग्रॉफिक डिटेल्स मुफ्त में अपडेट करने के लिए 15 मार्च से 14 जून 2023 तक का वक्त दिया था। 14 जून की डेडलाइन खत्म होने के बाद यूआईडीएआई ने मुफ्त में आधार की डीटेल्स अपडेट करने की सेवा को 14 सितंबर 2023 तक बढ़ा दिया है।

# वेतन वृद्धि नहीं पदोन्नत दे सरकार

### मुख्यमंत्री को कर्मचारी मंच ने ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के प्रथम प्रसूति पर नसबंदी कराने पर अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ देने के आदेश पर लगी रोक को हटाते हुए अब शासकीय कर्मचारी के परिवार में जुड़वा बच्चे भी प्रथम प्रसूति में होते हैं और शासकीय कर्मचारी या उसकी पत्नी नसबंदी कराती है तो भी शासकीय कर्मचारी को अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ देने का निर्णय लिया है सरकार कर्मचारी की त्याग का सम्मान करें क्योंकि मात्र ?100 की वेतन वृद्धि से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं इस निर्णय पर मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर पुनर्विचार करने की मांग करी है कि राज्य सरकार आदेश में संशोधन करके शासकीय कर्मचारियों को प्रथम प्रसूति पर नसबंदी कराने पर पदोन्नति और दूसरे प्रसूति पर नसबंदी कराने पर अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ देने का आदेश जारी करें।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि तत्कालीन सरकार ने 11 जुलाई 2019 को आदेश जारी करके शासकीय कर्मचारी के सूट के बाद नसबंदी कराने पर मिलने वाले लाभ पर रोक लगा थी अब सरकार ने 11 जुलाई 2019 के आदेश को विलोपित करते हुए 9 जून 2023 को नयाआदेश जारी करा है कि प्रथम प्रसूति में यदि जुड़वा बच्चे भी होते हैं और शासकीय कर्मचारी नसबंदी कराता है तो भी अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री से मांग करी है कि सरकार वास्तविक रूप में कर्मचारियों को कम संतान में नसबंदी कराने पर सरकारी लाभ देना चाहती है तो सरकारी कर्मचारी की त्याग का सम्मान करें कर्मचारियों को पदोन्नति एवं वेतन वृद्धि दोनों का लाभ क्रमवार प्रथम प्रसूति एवं द्वितीय प्रसूति पर देने का काम करें प्रथम प्रसूति पर यदि शासकीय कर्मचारी के पति या पत्नी में कोई भी नसबंदी कराता है तो उसे पदोन्नत का लाभ दिया जाए।

# इंदौर में बजरंग दल कार्यकर्ताओ की पिटाई मामले की होगी जांच, पलासिया थाने के टीआइ लाइन अटैच

**इंदौर।** बजरंग दल कार्यकर्ताओ की पिटाई मामले में एक्शन। भोपाल के एडीजी स्तर के अफसर करेंगे जांच। पलासिया टीआई को लाइन अटैच करने के निर्देश। यह बात प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में कही।

बजरंग दल पदाधिकारियों को पुलिस ने शुक्रवार तड़के छोड़ दिया। 11 लोगों को गुरुवार रात पलासिया चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने देर रात सभी को मेडिकल के लिए बाहर निकाला और एमवाय अस्पताल लेकर गए। परीक्षण के बाद करीब 5 बजे कहा कि



आप सभी को रिहा किया जाता है। बजरंगियों ने जमानत से इन्कार कर दिया था। लेकिन पुलिस प्रशासन बैकफुट पर आ गया और कहा कि जमानत की आवश्यकता नहीं है। तुम सभी को रिहा किया जाता है। विभाग संयोजक तन्नू शर्मा के मुताबिक उनकी मांग है कि लाठियां चलाने वाले दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाऐं। संगठन से चर्चा के बाद आगे आंदोलन की रुपरेखा बनाई जाएगी।

पलासिया चौराहा पर चक्काजाम कर प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी। हिंदू संगठन (बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद) के सैंकड़ों कार्यकर्ता नशाखोरी का विरोध एवं कार्यकर्ता पर दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शीर्ष अधिकारियों को बुलाने की जिद कर रहे थे।

# प्रदेश सह प्रभारी सांसद कटेरिया पहुंचे भोपाल, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**भोपाल।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री इटावा के सांसद मध्य प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी श्री रमाशंकर कठेरिया शुक्रवार को भोपाल रेल्वे स्टेशन पहुंचे। जहां भोपाल जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक उमाकांत दीक्षित जिले के मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक महेंद्र दवे युवा मोर्चा भोपाल जिले के प्रभारी प्रमोद शर्मा, नितेश साहू सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# फायर आडिट, प्रशिक्षण सब ठप, इसलिए नहीं बुझ पाती आग

**भोपाल।** सतपुड़ा भवन में लगी आग बड़ी इमारतों में लगने वाली पहली बड़ी आग नहीं थी। इससे पहले भी सायबर मुख्यालय, विंध्याचल भवन आदि में आग लग चुकी है, लेकिन इन पर मौजूदा सुरक्षाकर्मियों या फायर ब्रिगेड ने समय रहते काबू पा लिया था। इस वजह से एक बड़ी आगजनी की घटना को रोका गया, लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी नहीं हो सका। सतपुड़ा भवन में भी छोटी आग लगी थी, लेकिन इस पर न तो सुरक्षाकर्मी काबू पा सके और न ही फायर ब्रिगेड ने इसे समय रहते बुझाया। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कोरोना के बाद से इन भवनों में तैनात सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को आग बुझाने संबंधी किसी तरह का कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। न ही इन भवनों में फायर आडिट हुआ है।

गर्मी का मौसम हो या फिर ठंड का शार्ट सर्किट की वजह से कभी भी भवनों में आग भड़क जाती है। छोटी-छोटी आग मकान, दुकान और छोटे भवनों में अक्सर लगती रहती है। इसके बाद भी इन छोटी-छोटी आग की घटनाओं से जिम्मेदारों ने सबक नहीं लिया ओर पिछले कुछ सालों से शासकीय भवनों में फायर आडिट ही नहीं किया गया है। हालात यह है कि पर्यावास भवन हो या फिर अन्य बड़े भवन यहां लगे अग्निशमन यंत्र, आग बुझाने के अन्य उपकरण सभी धूल खा रहे हैं। इनको ताले में बंद कर रखा है, यदि समय-समय पर आडिट किया जाए तो इनकी स्थिति जानना आसान होगी।

### पहले दिया था प्रशिक्षण, होती थी माकड्रिल

कोरोना काल से पहले कभी-कभी शासकीय भवनों में आग बुझाने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाता था। यह प्रशिक्षण फायर अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा दिया जाता था। इसके अलावा फायर अधिकारी अक्सर माकड्रिल भी करते थे, लेकिन अब यह सभी गतिविधियां ठप पड़ी हुई हैं। इसकी पोल सतपुड़ा में लगी भीषण आग ने खोलकर रख दी है।

### कलेक्टर लेंगे बैठक, अब होगी समीक्षा

सतपुड़ा भवन में लगी आग के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी शासकीय विभागों, पुलिस, फायर, नगर निगम आदि के साथ बैठक लेने की तैयारी कर ली है। बैठक में वह शासकीय भवनों में आगजनी की घटना से निपटने के क्या इंतजाम हैं, कितने सुरक्षाकर्मी तैनात हैं जो आगजनी से निपटने में दक्ष हैं, इसके अलावा समय-समय पर आडिट किया जाता है या नहीं जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने सुबह सड़क पर उतरे कलेक्टर, स्वच्छता प्रहरियों से किया संवाद

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह आज सुबह छह बजे भोपाल नगर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था की नब्ज टटोलने निकले। नगर निगम अपर आयुक्त और नगर निगम के अन्य अमले के साथ कलेक्टर ने जोन 2, 3 ,4, 5 की स्वच्छता व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नगर की साफ-सफाई में सहयोग देने वाले एनजीओ के सदस्यों, स्वच्छता सैनिकों के साथ भी संवाद किया।

कलेक्टर आशीष सिंह ने उनसे कहा कि स्वच्छता के लिए जरूरी है कि लोगों के दिमाग में यह बात बैठाई जाए कि हर काम में स्वच्छता है और हमें कचरा नहीं फैलाना है। छोटे छोटे स्ट्रीट बैंडर और ठेले वालो को भी यह बात बताओ और डस्टबिन रखने के



लिए प्रेरित करे। इसके लिए सबसे बड़ी बात यह है कि किसी भी व्यक्ति को यदि कहीं भी कचरा नहीं दिखेगा तो वह कचरा भी नहीं करेगा।

शहर में कहीं भी कूड़ा पाइंट नहीं होना चाहिए। कचरा रोड पर नहीं गिरना चाहिए और घरों, दुकान कचरा कलेक्शन के समय यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी कचरा बाहर ना गिरे और लोगों को बताया जाए कि गीला और सूखा कचरा अलग डस्टबिन में रखकर व्यवस्थित रखें। कचरा गाड़ी आने पर कचरा उसमे डाल दें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगर निगम अमले को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वच्छता एक मिशन है और इसको 24 घंटे निरंतर करना होगा। तभी हम स्वच्छता की राजधानी को सबसे स्वच्छ शहर के रूप में भी स्थापित कर पाएंगे। स्वच्छता का मूल भाव यही है कि हर व्यक्ति हर रूप से स्वच्छ हो कचरा यहां वहां नहीं करें और ना ही करने दें। जब यह बात हर व्यक्ति समझ लेगा तो नगर निगम के काम में आसानी हो जाएगी। उन्होंने कहा की यह सुनिश्चित किया जाए की सुबह कचरा इकट्ठा करने के लिए वाहन समय पर निकलें।